# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 23 अगस्त 2024






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

# GRAND INAUGURAL *Ceremony*

CREDAI CHHATTISGARH
PROPERTY EXPO'24

23 24 25 AUGUST

KYUKI YEH GHAR KI BAAT HAI

## Chief Guest



**Shri O. P. Choudhary Ji**
Hon'ble Minister for Finance, Housing & Environment, Chhattisgarh

## Special Guest



**Shri Vijay Baghel Ji**
Hon'ble MP, Durg, Chhattisgarh

4:00 PM

23 August (Today)

Indoor Stadium Budha Talab, Raipur

## RSVP

**Sanjay Raheja**
President CREDAI C.G.

**Pankaj Lahoti**
Secretary CREDAI C.G.

**Rishabh Katariya**
Program Chairman
EXPO 2024

Exclusive Banking Partner- SBI
Banking Partner ICICI Bank
Bathing & Lighting Partner Jaquar
Paint Partner
Equipment Partner MKG
Landscape Partner NATURE TOUCH
Automobile Partner Audi Raipur
Food Partner
Gifting Partner IFB
Radio Partner 94.3 MY FM
Outdoor Partner SVA
Digital Partner VAYA MEDIA

**For More Details: 93550-80909**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, शुक्रवार 23 अगस्त 2024


## विमान में बम की धमकी, हड़कंप

**जांच में अफवाह निकली**

तिरुवनंतपुरम। एअर इंडिया के एक विमान में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। जांच के बाद धमकी अफवाह निकली। मुंबई से तिरुवनंतपुरम पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में बम की धमकी के बाद यहां हवाई अड्डे पर पूरी तरह से यह इमरजेंसी घोषित कर दी गई। इसके बाद, एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-657 को तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। जांच के बाद 135 यात्रियों और चालक दल के सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया।






Scooter बोले तो ACTIVA

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

Celebration offer 3 Years Standard + 3 Years Free Extended Warranty*

*सेलिब्रेशन ऑफर ब्रांड एक्टिवा 110 पर लागू है।

IDFC FIRST Bank कम ब्याज दर @7.99%** कम EMI ₹2351**

HDFC BANK Credit Card 5% कैशबैक ₹5000## तक

वीडियो का आनंद लेने के लिये, कृपया QR Code को स्कैन करें।

ACTIVA OVER 3.25 CRORE* HAPPY CUSTOMERS

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

BOOK ONLINE NOW! www.honda2wheelersindia.com CLICK BOOK RELAX

HONDA

^नियम व शर्तें लागू। ##यह कैशबैक ऑफर केवल पाइन लैब्स की मशीनों के ज़रिए एच.डी.एफ.सी. बैंक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से किए गए ई.एम.आई. लेन-देन के लिए होंडा के सभी टू-व्हीलर मॉडलों पर उपलब्ध है। ##ग्राहक 5% इंस्टेंट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा रु.5000 है। ##ऑफर अवधि के दौरान प्रति कार्ड/ऑर्डर एक लेन-देन पर मान्य है। ##यह कैशबैक ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। ##यह योजना केवल चुनिंदा आउटलेट्स में उपलब्ध है। **यह फाइनेंस योजना केवल सीमित अवधि के लिए आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक ("बैंक") के एकमात्र निर्णय पर उपलब्ध कराई जाएगी। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उपलब्ध उत्पाद से भिन्न हो सकता है। तस्वीर में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। #3 वर्ष की सामान्य और साथ ही मुफ्त विस्तृत वारंटी केवल एक्टिवा 110cc पर उपलब्ध है। #यह योजना केवल मुख्य डीलरों द्वारा पेश की गई है और इसका लाभ अधिकृत मुख्य डीलरों से एक्टिवा 110cc खरीद कर उठाया जा सकता है। *स्रोत: जून 2001 से जून 2024 तक की ब्रांड एक्टिवा की कुल बिक्री एच.एम.एस.आई. के आंतरिक डेटा पर आधारित है। #सेलिब्रेशन ऑफर केवल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तिसगढ़ और मध्य प्रदेश में लागू है। #नियम और शर्तें लागू।

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


# शाह आज आएंगे, सात राज्यों के सीएस-डीजीपी समेत 70 अफसरों का दल भी, नक्सलवाद पर कल होगा मैराथन मंथन

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की ओर आगे बढ़ चुकी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार की रात रायपुर पहुंच रहे हैं। अपने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान गृहमंत्री श्री शाह नक्सलवाद पर छत्तीसगढ़ समेत सात पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी और आर्म्स फोर्स के अफसरों के साथ मैराथन मंथन कर ब्लूप्रिंट का खाका खींचेंगे। शुक्रवार शाम तक 70 अफसरों का दल भी यहां पहुंच जाएगा। सभी मेफेयर होटल में रुकेंगे, शनिवार को यही पर बैठक तय है। गृहमंत्री श्री शाह रायपुर में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना जैसे नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ बैठक करने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने 3 साल में नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प बताया था। छत्तीसगढ़ के लिए ये इसलिए ज्यादा मायने रखता है, क्योंकि ये सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित है। छत्तीसगढ़ में होने वाली बड़ी बैठक में सभी राज्यों के डीजीपी से अलग-अलग चर्चा होगी। रायपुर में 24 अगस्त को गृहमंत्री शाह नक्सल मामलों की कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक के साथ छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाकों में ▶▶ शेष पेज 4 पर


### तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे केंद्रीय गृहमंत्री

#### शाम तक आएंगे राज्यों के सीएस और डीजीपी

छत्तीसगढ़ के सीमवर्ती सात राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी बैठक में शामिल होने आ रहे हैं। शुक्रवार शाम तक सभी अधिकारी यहां पहुंच जाएंगे। अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था मेफेयर में ही की गई है। यहां पर करीब 70 अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था अलग-अलग हिस्सों में की गई है। चूंकि गृहमंत्री अमित शाह भी यहां रुकेंगे और बैठक भी यहीं होगी, ऐसे में सभी व्यवस्था को समन्वित करने कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह और आईजी अमरेश मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। एयरपोर्ट में सभी अधिकारियों को रिसीव करने अफसरों को निर्देश दिए गए हैं।

#### ऐसा है कार्यक्रम

- रात 10 बजे आएंगे मेफेयर में रात्रि विश्राम
- दूसरे दिन नक्सलवाद और पुलिसिंग पर मंथन
- तीसरे दिन एनसीबी दफ्तर का उद्घाटन और करेंगे सरकार के कामकाज की समीक्षा



#### साय और मंत्री करेंगे स्वागत, नितिन पहुंचे





श्री शाह के आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्री एयरपोर्ट पर स्वागत करेंगे और वहां से श्री शाह होटल मेफेयर आएंगे। इधर, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन भी गुरुवार शाम रायपुर पहुंच गए। उनके दौरे के बारे में बताया गया कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे के चलते उनका आगमन हुआ है। प्रदेश प्रभारी से भाजपा पदाधिकारियों की मुलाकात होगी। वहीं शुक्रवार को एक बैठक रखी गई है, जिसमें पार्टी के आगामी सदस्यता अभियान और अन्य विषयों पर चर्चा भी करेंगे।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन के लिए भारतीय छात्रों का घट रहा रुझान

**लंदन।** ब्रिटेन में पढ़ाई के लिए वीजा प्राप्त करने के मामले में भले ही भारतीय विद्यार्थी शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन प्रवासन प्रतिबंधों के कारण ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में आवेदन करने के प्रति उनका रुझान घट रहा है। यह खुलासा ब्रिटेन के गृह मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों से हुआ है। गृह मंत्रालय की ओर से जून 2024 को समाप्त हुए गत एक वर्ष के जारी आंकड़ों के मुताबिक, उच्च अध्ययन के लिए ब्रिटेन आने वाले भारतीय विद्यार्थियों की संख्या में 23 प्रतिशत की कमी आई है।

### महिला अधिकारी दो लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार



**मुंबई।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला अधीक्षक एवं शिक्षा अधिकारी को दो विशेष शिक्षकों से दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी मीनाक्षी भाऊराव गिरि जिला परिषद कार्यालय में भुगतान एवं भविष्य निधि अधीक्षक के पद पर नियुक्त थीं।

### आशा को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



**मुंबई।** अभिनेत्री आशा पारेख को महाराष्ट्र सरकार के 'राज कपूर लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से बुधवार को सम्मानित किया गया। मुंबई के वर्ली स्थित 'एनएससीआई डोम' में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पारेख ने कहा, जय महाराष्ट्र!

### दुकान पर पलटा टैंकर, चार की मौत और 13 घायल




**बरहामपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में बस से टकराने के बाद एक टैंकर सड़क किनारे बनी चाय की दुकान पर पलट गया। इससे चार लोगों की मौत हो गई और 13 व्यक्ति घायल हो गए। यह दुर्घटना हिंजिली के पास समरझोला में राष्ट्रीय राजमार्ग 59 पर हुई। बस भवानीपटना से बरहामपुर की ओर जा रही थी। टैंकर अस्का की ओर जा रहा था।

**कोलकाता रेप और मर्डर केस में पुलिस को फटकार**

# पहले पीएम फिर एफआईआर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 30 साल में नहीं देखी ऐसी लापरवाही

*कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई गुरुवार को भी जारी रही। कोर्ट ने प. बंगाल सरकार और पुलिस को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कोलकाता पुलिस की देरी 'बेहद व्यथित करने वाली' है। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि राज्य सरकार ने इस केस में इस तरह से काम किया, जो मैंने अपने 30 साल के करिअर में नहीं देखा। बंगाल पुलिस का कामकाज चौंकाने वाला है।*

#### आज क्या-क्या हुआ

- कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को डॉक्टरों की तत्काल सुरक्षा के दिए निर्देश
- ममता ने पीएम को लिखा पत्र, दुष्कर्म के खिलाफ सख्त कानून की मांग
- शीर्ष न्यायालय के समझाने पर एम्स के डाक्टरों ने 11 दिन बाद हड़ताल वापस ली
- सीबीआई ने पूर्व प्राचार्य संदीप, चार अन्य चिकित्सकों की 'पॉलीग्राफ' जांच की मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से कथित तौर पर बलात्कार एवं उसकी हत्या के संबंध में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में कोलकाता पुलिस की देरी 'बेहद व्यथित करने वाली' है। कोर्ट ने साथ ही बंगाल के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के अवरुद्ध होने के 14वें दिन प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से काम पर लौटने का आग्रह किया। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को देशभर में ▶▶ शेष पेज 4 पर



कोलकाता में भाजपा के मार्च के दौरान झड़प।

#### कोर्ट ने पूछे सवाल?

- प्राथमिकी दर्ज करने में 14 घंटे की देरी का क्या कारण था
- आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के संपर्क में कौन था?
- प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी क्यों की?




#### सीबीआई ने कहा- प्रशासन का रवैया उदासीन

सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट में कहा कि इस पूरे मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन का रवैया उदासीन रहा है। घटना की सूचना पीड़िता के परिजनों को देरी से दी गई। परिवार को पहले सुसाइड की खबर दी गई। मर्डर को सुसाइड बताने की कोशिश करना संदेह पैदा करता है।

#### पीएम शाम 6 बजे एफआईआर रात 11.45 बजे

पीठ ने कहा, ऐसा कैसे हुआ कि पोस्टमार्टम नौ अगस्त को शाम छह बजकर 10 मिनट पर किया गया, लेकिन अप्राकृतिक मौत की सूचना ताला पुलिस थाने को नौ अगस्त को रात साढ़े 11 बजे भेजी गई। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि प्राथमिकी रात पौने 12 बजे दर्ज की गई।

**कोलकाता घटना के बाद सख्ती**

## छग के सरकारी अस्पतालों में तैनात होंगे हथियारबंद जवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को राजधानी रायपुर के कई अस्पतालों का निरीक्षण किया और सिस्टम को देखा। श्री जायसवाल सबसे पहले मेडिकल कालेज हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने यहां मरीजों से बात की उन्हें मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### तैनात होंगे सुरक्षा जवान

छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा में हथियारबंद रिटायर्ड आर्मी के जवान तैनात किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने यह घोषणा की। उल्लेखनीय है देश में इस समय कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्रा के साथ हुई रेप और हत्या की घटना के बाद पूरे देश में अस्पताल और वहां के स्टाफ की सुरक्षा को ▶▶ शेष पेज 4 पर

**परिजनों का सैंपल आया निगेटिव**

## स्वाइन फ्लू से बच्चे समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में स्वाइन फ्लू से दो लोगों की मौत हो गई है। दो मौत के बाद विभाग ने मृतकों के परिजनों का भी सैंपल लिया था, हालांकि उनका रिजल्ट निगेटिव आया है। मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ जिले के छुईखदान निवासी 37 वर्षीय युवक सहित राजनांदगांव जिले के घुमका इलाके का एक चार वर्षीय मासूम की राजनांदगांव शहर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। दोनों ही मरीज लगभग ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### क्या है स्वाइन फ्लू

स्वाइन फ्लू को एच1एन1 इन्फ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है। यह एक श्वसन रोग है जो एच1एन1 वायरस स्ट्रेन के कारण होता है। मूल रूप से, यह एक वायरस था जो सूअरों को संक्रमित करता था, लेकिन अब यह मनुष्यों को संक्रमित करने लगा है और तबसे इसका व्यापक प्रकोप हुआ है।

**24 के बाद 30 को फिर बनेगा छत्तीसगढ़ में कम दबाव का क्षेत्र**

## सिस्टम के बाद फिर सिस्टम जारी रहेगी झड़ी, मूसलाधार भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के कई इलाकों में फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। चंद दिनों के विराम के बाद गुरुवार को राजधानी में झड़ी के हालात रहे। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगस्त के आखिरी हफ्ते में कई इलाकों में भारी बारिश के हालात बन रहे हैं।

जुलाई माह में हुई झमाझम बारिश के बाद अगस्त के दूसरे पखवाड़े में बदली-बारिश का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। गुरुवार को राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। शुक्रवार को बारिश से थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन शनिवार से सिस्टम फिर से एक्टिव हो जाएगा। कुछ दिनों की बारिश के बाद 30 को एक अन्य सिस्टम सक्रिय होगा, जिसके बाद बारिश का ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### यूपी के 10 जिलों में बाढ़, 19 राज्यों में अलर्ट

देश में कहीं भारी तो कहीं हल्की बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश में 10 जिलों के 80 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़े हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। बलिया में गंगा, बाराबंकी में घाघरा, सिद्धार्थनगर में राप्ती और गोंडा में क्वनो ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 33 वैज्ञानिकों को किया सम्मानित**

## गोविंदराजन को देश का पहला 'विज्ञान रत्न पुरस्कार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रसिद्ध जीव रसायन वैज्ञानिक और बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक गोविंदराजन पद्मनाभन को पहले 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया। सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की इस साल शुरुआत की है।

राष्ट्रपति भवन के 'गणतंत्र मंडपम' में आयोजित पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति ने 13 विज्ञान श्री पुरस्कार, 18 विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और एक विज्ञान टीम पुरस्कार भी प्रदान किये। चंद्रयान-3 मिशन पर काम करने वाले वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम को 'विज्ञान टीम' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिशन के परियोजना निदेशक पी वीरमुथुवेल ने प्राप्त किया। सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एक पदक और प्रशस्ति पत्र दिया गया। 'विज्ञान श्री' पुरस्कार से सम्मानित किये गये वैज्ञानिकों में बेंगलुरू स्थित भारतीय खगोल ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### इन्हें दिया गया विज्ञान युवा पुरस्कार

विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के जलवायु वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल, 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' के प्रोफेसर विवेक पोलशेट्टीवार और आईआईएसईआर-भोपाल के प्रोफेसर विशाल राय, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान के कृष्णमूर्ति एस एल और राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान के स्वरूप कुमार परिदा को प्रदान किया गया।

#### मलेरिया पैरासाइट पर रिसर्च

गोविंदराजन पद्मनाभन भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व डायरेक्टर हैं। वर्तमान में वह भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु में मानद प्रोफेसर के तौर कर सेवाएं दे रहे हैं। उनको मलेरिया पैरासाइट पर रिसर्च के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खूब सराहा गया। उनको पद्म भूषण, पद्म श्री और शांति स्वरुप भटनागर अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। वह वर्तमान में भारतीय विज्ञान संस्थान में सेवाएं दे रहे हैं।




चिंतन

# भारत से अलकायदा की जड़ें हमेशा के लिए मिटानी होंगी

अल-कायदा एक बहुराष्ट्रीय उग्रवादी सुन्नी इस्लामवादी संगठन है। इसका खौफनाक चेहरा बार-बार सामने आता रहा है। इस आतंकी संगठन का गठन 1988 में ओसामा बिन लादेन, अब्दुल्लाह आज़म, और अफगानिस्तान पर सोवियतों के आक्रमण के विरोध करने वाले कुछ अरब स्वयंसेवकों ने किया था, लेकिन जल्द ही यह आतंकी संगठन बन गया। अमेरिका में 26\11 के हमले के बाद इसे पूरी दुनिया में दहशत के नाम से पहचाना गया। गठन के दौरान संगठन के ज्यादातर सदस्य अरबों से बने थे, लेकिन बाद में इसमें अन्य जातीय समूहों के लोग भी शामिल हुए। अल-कायदा का इरादा मुस्लिम देशों में सभी विदेशी और धर्मनिरपेक्ष प्रभावों को हिंसक रूप से हटाने का है। अल-कायदा ने अमेरिका और उसके सहयोगियों के नागरिक, आर्थिक और सैन्य लक्ष्यों पर हमले किए। संगठन ने धीरे-धीरे पाकिस्तान, म्यांमार, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में अपना नेटवर्क फैलाना शुरू किया। अल-कायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट की शुरुआत 2014 में पूर्व अल-कायदा चीफ अयमान अल-जवाहिरी ने की थी। पाकिस्तान मूल का असीम उमर इसका शुरुआती सदस्य था। तब अल-जवाहिरी की तरफ से एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें उसने भारत के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों की बात कही थी। अब इसकी अगुआई ओसामा महमूद कर रहा है, जो पाकिस्तान मूल का बताया जाता है। यूएस-अफगान मिलिट्री ऑपरेशन में उमर मारा गया था। इसके बाद 2019 में महमूद ने इसकी बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। बताया जाता है कि इंडियन सब-कॉन्टिनेंट में अल-कायदा के 200 लड़ाके मौजूद हैं। जो रह-रहकर भारत में दहशत फैलाने का षड्यंत्र रचते हैं और हमारे सुरक्षा बल उसे नाकाम कर देते हैं। वीरवार को भी ऐसा ही हुआ। दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से 14 लोगों को हिरासत में लेकर अलकायदा के एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इसका नेतृत्व रांची का इश्तियाक नाम का डाक्टर कर रहा था। उसकी देश के भीतर खिलाफत की घोषणा करने और गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की मंशा थी। आतंकवादी मॉड्यूल के सदस्यों को अलग-अलग जगहों पर हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था। छापेमारी में कई तरह के हथियार, गोला-बारूद और आतंकी गतिविधियों से जुड़ी किताबें बरामद हुई हैं। राजस्थान के भिवाड़ी से 6 लोगों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण लेते समय हिरासत में लिया गया। झारखंड और उत्तर प्रदेश से आठ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। ये लोग देश में आतंकी हमलों की तैयारी में थे। अब सुरक्षा एजेंसियां पूरे संगठन की जड़ें खंगालने में लगी हैं। यह हमारी सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता है कि एक बार फिर अलकायदा का नेटवर्क हमला करने से पहले ही दबोचा गया। ऐसा भी नहीं है कि यह पहली बार हुआ हो। बीते दस सालों में यह आतंकी संगठन कई बार ऐसा प्रयास कर चुका है कि किसी तरह भारत पर हमले को अंजाम दिया जा सके, लेकिन हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने इन्हें हर बार विफल कर दिया। दिल्ली में 2015 में तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद संगठन की भारत में मौजूदगी का पहली बार पता चला था। दिल्ली पुलिस ने बाद में संगठन के आतंकी मौलाना अब्दुल रहमान कासमी को गिरफ्तार किया था। हमारी सुरक्षा एजेंसियां इसके लिए साधुवाद की पात्र है, लेकिन केवल इतने से काम नहीं चलेगा। इन संगठनों का आमूल-चूल सफाया करना होगा।

जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



## राधागोबिन्द कर : दुर्गति से कैसे बचे विरासत?

आज, एक महिला चिकित्सक से हैवानियत के मामले को लेकर चर्चित कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज के संस्थापक डॉ. राधागोबिंद कर की जयंती पर यह सोचना किसी त्रास से गुज़रने से कम नहीं है कि आज वे हमारे बीच होते तो अपने द्वारा बेहद पवित्र इरादे से स्थापित इस कालेज की ऐसी दुर्गति देखकर कितने व्यथित होते। बहरहाल, यह जानना दिलचस्प है कि 23 अगस्त, 1852 को हावड़ा के रामराजतला स्टेशन के पास पैदा हुए कर को चिकित्सा सुविधाओं को आम लोगों तक ले जाने की प्रेरणा विरासत में मिली थी। उनके पिता दुर्गादास कर ने भी डाक्टर के रूप में अविभाजित भारत के ढाका में आम लोगों के लिए मिडफोर्ड अस्पताल की स्थापना में नींव की ईंट की भूमिका निभाई थी।

उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के क्रम में राधागोबिंद ने 1880 में कलकत्ता स्थित बंगाल मेडिकल कालेज (जिसे बाद में कलकत्ता मेडिकल कालेज कहा जाने लगा) से डाक्टरी की पढ़ाई शुरू की तो थियेटर के प्रति अपने आकर्षण से विमुख नहीं हो पाये, जिसके चलते उन्हें बीच में ही पढ़ाई छोड़ देनी पड़ी। बाद में उन्होंने दत्त-चित्त होकर उसे पूरा किया। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उन दिनों इस डिग्री का इतना जलवा था कि उनके प्रायः सारे मित्रों व शुभचिंतकों ने इसे पा लेने के बाद उनके भारत लौटने की उम्मीद छोड़ दी। उनका मानना था कि अब राधागोबिन्द मोटी कमाई के लिए विदेश में ही बस जाएंगे। लेकिन कर उन्हें गलत सिद्ध करते हुए स्वदेश लौटे और बंगाल के बहुविध विपन्न बीमारों की सेवा में लग गए। उन्होंने उन अभावग्रस्त धुर ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं दीं, जहां दूसरे डाक्टर जाने तक से घबराते थे। बंगला में डाक्टरी की पढ़ाई संभव बनाने के लिए उन्होंने बंगला में चिकित्सा शिक्षा की किताबें तो लिखीं ही, कलकत्ता में एक स्कूल आफ मेडिसिन की स्थापना की भी सोच डाली। धन की कमी उनके इस सपने के आड़े आने लगी तो अपनी कई पुश्तैनी सम्पत्तियां बेच दीं और जनसहयोग भी जुटाया। उनका बड़प्पन कि इतने पापड़ बेलकर उन्होंने उक्त स्कूल खोला तो उससे अपना नाम नहीं जोड़ा। हालांकि कलकत्ता स्कूल ऑफ मेडिसिन से आरजी कर मेडिकल कॉलेज तक की यात्रा में कई बार उसके नाम बदले और कई नामचीन शख्सियतों से जुड़े।

इस दौरान यह कालेज कर के पथ प्रदर्शन में एशिया के पहले गैरसरकारी मेडिकल कॉलेज के रूप में न सिर्फ बंगाल बल्कि देशभर में हेल्थकेयर के क्षेत्र में प्रकाश स्तम्भ बना, लेकिन कर का नाम इसे देश को आजादी मिलने के बाद 1948 में 12 मई को मिला, जब वे इस दुनिया में नहीं थे। अनंतर, पश्चिम बंगाल सरकार ने 12 मई, 1958 को इस कॉलेज को अपने अधीन करके पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्ध कर लिया। गौरतलब है कि इस कॉलेज का पहला मेडिकल कोर्स तीन साल का था और इसमें बंगला भाषा में चिकित्सा शिक्षा दी जाती थी। गौरतलब है कि यह मेडिकल कालेज राधागोबिंद कर की देश को इकलौती देन नहीं है और उन्हें सिर्फ इसी के लिए दूरदर्शी व परोपकारी नहीं माना जाता। जानकार बताते हैं कि उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में प्लेग की महामारी कोलकाता की सांसें रोकने पर उतर आई तो वे खुद एक बैग में जरूरी दवाएं और उपकरण लिए साइकिल पर विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर उन मरीजों का उपचार किया करते थे, जिनके पास डाक्टर की फीस चुकाने और दवाएं खरीदने के लिए पैसे नहीं होते थे। वे ऐसे मरीजों को बिना फीस लिए देखते और यह जताने पर कि वे दवाएं खरीदने में असमर्थ हैं, उन्हें दवाएं खरीदने के लिए पैसे भी देते। सेवा के इस काम में वे न दिन देखते न रात बल्कि लोगों को उन एहतियातों के बारे में भी बताते जिन्हें बरतकर प्लेग के कहर को कम किया जा सकता था। एक दिन उनकी तरह कलकत्तावासियों को प्लेग से निजात दिलाने में लगी आयरिश भगिनी निवेदिता से भेंट हुई तो दोनों मिलकर एक से ग्यारह हो गये और उनके सेवा कार्यों में समन्वय कलकत्तावासियों के बहुत काम आया। कर ने विदेशों से मंगाई जाने वाली महंगी दवाओं के सस्ते देसी विकल्पों के विकास के लिए भी जी-जान लगाई। अकारण नहीं कि आगे चलकर उन्हें 'बंगाली केमिस्ट' की संज्ञा दी गई और उनका उन्नीसवीं शताब्दी के चिकित्सा विज्ञान व चिकित्सा शिक्षा के उन्नायकों व अग्रदूतों में शुमार किया जाने लगा। 1918 में 19 दिसंबर को उनका निधन हुआ तो उनके पास एक घर को छोड़कर कोई निजी सम्पत्ति नहीं थी। वह घर भी वे अपने द्वारा स्थापित इस कालेज के नाम वसीयत कर गये थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विकास

डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी

# बुनियादी ढांचे में लम्बा रास्ता बाकी

आजादी के 78 सालों में भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ है। देश अब बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से 'मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर' की ओर बढ़ चुका है फिर भी हम आज विश्व बैंक के बुनियादी ढांचा स्कोर में दुनिया में 47वें स्थान पर है। भारत में रेलवे वर्तमान में सबसे बड़ा नियोक्ता है, हालांकि ट्रेनों में आरक्षित सीट पाने के लिए अब भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। आज हम कृषि मामले में आत्मनिर्भर हैं, लेकिन किसानों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए 2030 तक बुनियादी ढांचे में 4.51 ट्रिलियन डॉलर का निवेश करने की जरूरत है। इसलिए आधारभूत ढांचे पर खर्चा जीडीपी का वर्तमान 4% से बढ़ाकर 10% तक करना होगा।

बुनियादी ढांचा देश की प्रगति की कुंजी है जो उसके भविष्य के विकास की संभावनाओं के लिए मंच तैयार करने में महत्वपूर्ण होता है। 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो बुनियादी ढांचा बहुत ख़राब था। हालांकि, वर्ष 1850 में रेलवे की शुरुआत अंग्रेजों के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक थी। आज़ादी के 78 वर्षों के बाद, भारतीय आधारभूत ढांचे ने कई मोड़ लेते हुए एक लंबा सफर तय किया है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 15 मार्च, 1950 को राष्ट्रीय योजना आयोग का गठन किया।

1948 के औद्योगिक नीति संकल्प ने एक मिश्रित अर्थव्यवस्था का प्रस्ताव रखा। प्रथम तीन पंचवर्षीय योजनाओं में परिवहन एवं संचार पर व्यय 1300 करोड़ रुपये था। यह हर योजना के कुल व्यय का 26% था। तीन पंचवर्षीय योजनाओं ने देश के आधारभूत ढांचे की नींव रखी। योजना में प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के जलविद्युत बांधों- भाखड़ा नांगल, हीराकुंड और नागार्जुन सागर का प्रावधान किया गया था। अकाल की पृष्ठभूमि को देखते हुए, खाद्य सुरक्षा सर्वोपरि थी और भारत की सूखी भूमि की सिंचाई हेतु दामोदर वैली कॉरपोरेशन, स्वतंत्र भारत की पहली बहुद्देश्यीय नदी घाटी परियोजना थी।

**सड़क नेटवर्क :** सड़क नेटवर्क परंपरागत रूप से देश के परिवहन बुनियादी ढांचे की रीढ़ रहा है। भारतीय सड़क नेटवर्क की कुल लंबाई 1951 में 0.399 मिलियन किमी से बढ़कर आज 6.37 मिलियन किलोमीटर से अधिक हो गई है, जोकि दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। 2021 से राजमार्ग निर्माण की गति 37 किमी/प्रतिदिन तक पहुंच गई है। भारतमाला परियोजना, मोदी सरकार का एक नया प्रमुख कार्यक्रम है, जिसमें 34,800 किमी सड़कें बनाई जाएंगी।

**रेलवे :** आजादी के बाद भारत को रेल नेटवर्क विरासत में मिला परन्तु भारत आज जहां है वहां पहुंचने के लिए मीलों की यात्रा करनी पड़ी है। भारत को पहली ट्रेन 1853 में बॉम्बे और ठाणे के बीच मिली। भारत में स्वदेशी भाप लोकोमोटिव इंजन का उत्पादन 1950 में चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) की स्थापना के साथ शुरू हुआ। 1985 के बाद, भाप इंजनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया गया क्योंकि यह इलेक्ट्रिक और डीजल इंजनों का युग था। 1947 में 25,170 रूट किमी ब्रॉड गेज (बीजी) रेल नेटवर्क आज 1.45 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है।

**नागरिक उड्डयन :** 1912 में कराची और दिल्ली के बीच पहला घरेलू हवाई मार्ग इंपीरियल एयरवेज, यूके के सहयोग से खोला गया था। भारत का विमानन क्षेत्र दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की 'विज़न 2040' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2040 तक भारत में 190-200 कामकाजी हवाई अड्डे होंगे।

**बिजली व परमाणु ऊर्जा:** भारत दुनिया में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। देश ने 1947 में 1,362 मेगावाट से 2023 में, भारत ने 1,968 टेरावाट-घंटे से अधिक बिजली का उत्पादन किया। सरकार ने 2019 तक सभी 18,452 गांवों का विद्युतीकरण किया है, जबकि 1950 में केवल 3,061 गांवों का विद्युतीकरण



किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने साहसिक कदम लेते हुए पोखरण में पहला भूमिगत परिक्षण स्माइलिंग बुद्धा (पोखरण-1) 18 मई 1974 को किया था। बाद में अटल जी के नेतृत्व में देश ने 11 और 13 मई 1998 को पांच और भूमिगत परमाणु परीक्षण किए और भारत ने स्वयं को परमाणु शक्ति संपन्न देश घोषित कर दिया।

**सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार:** देश में सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति लाने के लिए राजीव गांधी को व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है। राजीव जी की नीतियों ने दूरसंचार और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों के उपयोग में व्यापक दृष्टिकोण को अपनाया। बाद में 1999 में वाजपेयी के नेतृत्व में, नई दूरसंचार नीति की घोषणा हुई और इसे निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया।

**डिजिटल ढांचा :** भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ट्रांसयूनियन सीआईबीआईएल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक कुल नए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में से लगभग 56% ग्रामीण भारत से आएंगे। जनधन खाता, जो मोबाइल नंबरों को आधार कार्ड और बैंक खातों से जोड़ता है, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और सरकारी योजना के लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के लिए एक प्रमुख उपकरण बन गया है।

**बंदरगाह :** विश्व बैंक की लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारतीय बंदरगाहों का टर्न अराउंड टाइम 0.9 दिन तक पहुंच गया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका (1.5 दिन), ऑस्ट्रेलिया (1.7 दिन) और सिंगापुर (1.0 दिन) से बेहतर है।

**अंतरिक्ष अनुसंधान :** इसरो की स्थापना 15 अगस्त, 1969 को हुई थी। 1975 में अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च करने से लेकर मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने वाला पहला देश होने तक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की बदौलत अंतरिक्ष अनुसंधान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मविश्वास से भरे कदम उठाए हैं। भारत के अंतरिक्ष मिशनों ने ब्रह्मांड के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान में योगदान दिया है। चंद्रयान-1, मंगल कक्षित्र मिशन, एस्ट्रोसैट और चंद्रयान-2 आदि इसी का उदाहरण हैं।


### प्रमुख चुनौतियां और आगे का रास्ता

भारतीय रिजर्व बैंक के अध्ययन का अनुमान है कि बुनियादी ढांचे पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये से सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 से 3.5 रुपये का लाभ होता है। आजादी के 78 साल में भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ है। देश अब बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से 'मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर' की ओर बढ़ चुका है। फिर भी हम आज विश्व बैंक के बुनियादी ढांचा स्कोर में दुनिया में 47वें स्थान पर है। वहीं वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता के मामले में दुनिया के 140 देशों में से भारत का स्थान 70वां है। भारत में रेलवे वर्तमान में सबसे बड़ा नियोक्ता है, हालांकि ट्रेनों में आरक्षित सीट पाने के लिए अब भी लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है। आज हम कृषि के मामले में आत्मनिर्भर हैं, लेकिन किसानों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। बड़ी विडंबना है कि अनाज के मामले में देश के आत्मनिर्भर हो जाने के पांच दशक बाद भी देश की दो तिहाई आबादी, सरकार की ओर से दिए जा रहे मुफ्त अनाज पर निर्भर है। 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के सपने को हकीकत में बदलने के लिए 2030 तक देश के बुनियादी ढांचे के निर्माण में 4.51 ट्रिलियन डॉलर का निवेश करने की जरूरत है। इसलिए आधारभूत ढांचा पर खर्चा जीडीपी का वर्तमान 4% से बढ़ाकर 10% तक करना होगा।

(लेखक अटल स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट, जेएनयू के एसो. प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित
दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत भूमि कब तक होती रहेगी कलंकित

भारत, जो देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है, जहां कंजक पूजा होती है, जहां हर धर्म के लोग रहते हैं, जहां लगभग प्रतिदिन नैतिकता और इनसानियत की राह दिखाते हुए पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं, वहां छोटी बच्चियों के साथ होने वाले अनैतिक काम छेड़छाड़, रेप जैसे मामले होना बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। समय-समय पर ऐसे मामले सुर्खियां बनते हैं। देश अभी कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर से हुए रेप और हत्या के मामले में इंसाफ की मांग कर ही रहा है कि इसी बीच देश की सभ्यता और कानून व्यवस्था को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यह मामला महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर से है। यहां दो बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत हुई। सवाल यह है कि भारत भूमि कब तक कलंकित होती रहेगी। *- राजेश शर्मा, भिलाई*

### ट्रेंड

#### त्रिपुरा को हरसंभव मदद



त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा से बात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। केंद्र राहत और बचाव कार्यों में सहायता के लिए नावों और हेलीकॉप्टरों के अलावा एनडीआरएफ की टीमों को राज्य में भेज रहा है। हरसंभव सहायता करेंगे।
-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

#### सबसे बड़ा लक्ष्य



जम्मू-कश्मीर के साथ मेरा खून का रिश्ता है। वहां के लोगों के दिलों में जो दु:ख-दर्द है, उसे मिटा कर उन्हें उनका राज्य का दर्जा और प्रतिनिधित्व वापस दिलाना ही मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

#### प्रतिभा का क्षण



जब दीप्ति शर्मा ने द हंड्रेड फाइनल में वह मैच जिताऊ छक्का लगाया, तो यह अत्यंत प्रतिभा का क्षण था। 200 से अधिक रन बनाने और केवल एक बार आउट होने के कारण वह टूर्नामेंट की धड़कन थीं।
- मिताली राज, पूर्व कप्तान, क्रिकेट टीम


#### संसद टीवी पर बहुत कुछ



संसद टीवी पर अर्थपूर्ण वृत्तचित्र और मुद्दे देखने के लिए बहुत कुछ है, जो आपको ज्ञान देते हैं और मनोरंजन भी करते हैं। मुझे दिनभर की खबरें देखने के बाद घर पर संसद टीवी देखकर अपना खाली समय बिताना अच्छा लगता है।
-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक

करंट अफेयर

## बाइडन की आवाज की नकल करने वाली कंपनी देगी जुर्माना



कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की आवाज की नकल करते हुए न्यू हैम्पशायर के मतदाताओं को भ्रामक कॉल करने वाली कंपनी ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर जुर्माना भरने पर सहमति व्यक्त की है। 'रोबोकॉल' करने वाली कंपनी 'लिंगो टेलीकॉम' ने जुर्माना भरने संबंधी समझौते पर सहमति जताई और इसी के साथ संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के प्रवर्तन संबंधी मामले का निपटारा हो गया। आयोग ने पहले 20 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना मांगा था। कई लोग का मानना है कि यह मामला मतदाताओं और लोकतंत्र को प्रभावित करने की एआई की क्षमता से जुड़ी चिंता को दर्शाता है। इस बीच, ये कॉल करने की योजना बनाने वाले राजनीतिक सलाहकार स्टीव क्रेमर अब भी आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं और उन पर 60 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाए जाने का एफसीसी का प्रस्ताव है। ये फोन संदेश 21 जनवरी को न्यू हैम्पशायर के हजारों मतदाताओं को भेजे गए थे। इनमें बाइडन की आवाज की नकल करके गलत संदेश दिया गया था कि राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत प्राइमरी चुनाव में मतदान करने से मतदाता नवंबर के आम चुनाव में मतदान करने से वंचित हो जाएंगे।

ऑफ बीट

## कब्ज से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ता है



मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में हाल ही में किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में कब्ज और सामान्य आबादी में दिल के दौरे, स्ट्रोक और हार्ट फेल होने के बढ़ते जोखिम के बीच संबंध पाया गया है। शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक के डेटा का विश्लेषण किया, जो यूनाइटेड किंगडम में लगभग पांच लाख लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का एक डेटाबेस है। शोधकर्ताओं ने कब्ज के 23,000 से अधिक मामलों की पहचान की और उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए दवाओं के प्रभाव का हिसाब लगाया, जिससे कब्ज हो सकता है। कब्ज से पीड़ित लोगों (मेडिकल रिकॉर्ड या प्रश्नावली के माध्यम से पहचाने गए) में बिना कब्ज वाले लोगों की तुलना में दिल का दौरा, स्ट्रोक या हार्ट फेल होने की संभावना दोगुनी थी। शोधकर्ताओं ने उच्च रक्तचाप और कब्ज के बीच एक मजबूत संबंध पाया। उच्च रक्तचाप से पीड़ित जिन व्यक्तियों को कब्ज की भी शिकायत थी, उनमें केवल उच्च रक्तचाप वाले लोगों की तुलना में हृदय संबंधी किसी बड़ी घटना का जोखिम 34% अधिक था। अध्ययन में केवल यूरोपीय वंश के लोगों के डेटा को देखा गया। हालाँकि, यह मानने का अच्छा कारण है कि कब्ज और दिल के दौरे के बीच का संबंध अन्य आबादी पर भी लागू होता है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## चार कक्षाएं और दो शिक्षक... ये गांव नहीं, बल्कि राजधानी का सबसे खराब प्रदर्शन वाला स्कूल है!

रायपुर- रुचि वर्मा/ नारायणपुर- शेख महमूद/ नगरी- गोपी कश्यप

हरिभूमि लाइव

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी से जूझते विद्यालयों के बारे में आपने खूब देखा और सुना होगा। लेकिन ये नजारे अब केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि स्कूल शिक्षा विभाग की मेहरबानी से राजधानी में भी देखने को नसीब हो रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उन शासकीय विद्यालयों की सूची तैयार की गई, जहां के परीक्षा परिणाम 50 फीसदी से कम रहे हैं। इन स्कूलों को लेकर तय हुआ कि यहां के शिक्षकों और प्राचार्यों से जवाब मांगे जाएंगे, जबकि जहां के परिणाम 30 प्रतिशत से कम हैं, वहां के शिक्षकों और प्राचार्य पर कार्रवाई करने की तैयारी है। हरिभूमि टीम विभिन्न जिलों में कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों में पहुंची और वहां की शेष पेज 4 पर

### बात नहीं करूंगा

मैं किसी बारे में कोई बात नहीं करूंगा। मेरे पास समय नहीं है।
- विजय खंडेलवाल
जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### शिक्षक नहीं हैं

हमारे पास शिक्षक ही नहीं हैं, इसलिए परिणाम खराब आए।
- संध्या तिवारी, प्राचार्य, नगर निगम शाला, टिकरापारा, रायपुर

### महिमा गवाड़ी शाला नारायणपुर : 19 बच्चों में 14 फेल




नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के महिमा गवाड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान के प्रयोगशाला रूम में धूल जम रही है। लैब की सामग्री खराब हो गई है। स्कूल के स्टाफ रूम और क्लास के अंदर की खाली कुर्सियां बच्चों और अभिभावकों के अरमान पर पानी फेर रहे हैं। खराब रिजल्ट आने के बाद भी जिला प्रशासन कोई सबक नहीं ले रहा है। स्कूल में पढ़ाई को लेकर किसी प्रकार की चिंता प्रशासनिक स्तर पर नहीं है। यहां 12वीं में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस विषय लेकर भविष्य संवारने आए 19 बच्चे में से शेष पेज 4 पर

### होगी कार्रवाई

पूरे जिले के रिजल्ट का परीक्षण किया गया है। जिला स्तरीय अधिकारियों का गठन कर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। संबंधित स्कूलों के प्रभारी पर कार्रवाई भी की जाएगी।
- लखन लाल धनेलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, नारायणपुर

### खल्लारी हाईस्कूल : 1 से 10वीं तक सिर्फ 3 शिक्षक, दसवीं में 88% छात्र फेल



धमतरी जिले का खल्लारी हाई स्कूल घोर नक्सल प्रभावित इलाके में आता है। यहां शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। शिक्षण सत्र 2023-24 में यहां दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शर्मसार करने वाला रहा। यहां दसवीं के 8 बच्चों ने परीक्षा दिलवाई, लेकिन जब रिजल्ट घोषित हुआ तो उसमें 7 बच्चे फेल हो गए और एक ही विद्यार्थी परीक्षा में पास हो सका। यहां पहली से दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है। सिर्फ 3 स्कूलों के भरोसे ही यह स्कूल चल रहा है। यहां तक पहुंचने का मार्ग बहुत खराब है। कच्ची सड़क, गड्ढे और बारिश के दिनों में दलदल के कारण पहुंचने में दिक्कत होती है। इन परेशानियों के बाद भी छात्र यहां पहुंचते तो हैं, लेकिन पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक ही नहीं मिलता है।

#### खुद ही पढ़ते हैं इंग्लिश

दसवीं कक्षा में 6 विषय हैं, लेकिन 3 शिक्षक ही पूरी पढ़ाई करवाते हैं। यहां इंग्लिश के शिक्षक नहीं हैं, इसलिए बच्चों को खुद से ही पढ़ाई करनी पड़ती है। यहां के पढ़ने वाले बच्चों से जब हमने बात की और उनसे सामान्य ज्ञान संबंधित सवाल किए तो वे इसका जवाब नहीं दे सके। धमतरी के कलेक्टर का नाम क्या है, मुख्यमंत्री का क्या नाम, जैसे आसान सवालों के जवाब भी छात्र नहीं दे सके।

#### बारिश के बाद काम शुरू होगा: सरपंच

सरपंच तुलाराम ने बताया कि ठेकेदार ने 15 अगस्त को नए भवन की चाबी सौंप दी है। बारिश के कारण अभी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण नहीं हो पाया है। बारिश खत्म होने के बाद निर्माण कार्य चालू शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने फास्टैग पर लागू की नई व्यवस्था




**मुंबई।** आरबीआई ने गुरुवार अपने ई-मंजूरी ढांचे में संशोधन करते हुए फास्टैग एवं नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) में अपने-आप पैसा जमा होने की मंजूरी दे दी। मौजूदा ई-मंजूरी ढांचे के तहत ग्राहक के खाते से वास्तविक निकासी से कम-से-कम 24 घंटे पहले कटौती-पूर्व अधिसूचना की जरूरत होती है।

### लापता प्रशिक्षक विमान की खोज करेगी नौसेना



**जमशेदपुर।** भारतीय नौसेना का एक दल झारखंड के जमशेदपुर में हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लापता हुए प्रशिक्षक विमान की खोज में मदद करेगा। चांडिल बांध के जलाशय में खोज के दौरान आज सुबह एक शव तैरता हुआ मिला। आशंका है कि विमान मंगलवार को चांडिल बांध के जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### नेपाल सीमा पर 23 लाख की हेरोइन बरामद



**बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से करीब 23 लाख रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद की। संयुक्त टीम ने बुधवार रात रुपईडीहा थाना क्षेत्र में रूपईडीहा-बाबागंज मार्ग के पास गंगापुर गांव में एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोका।

### भोजपुर जिले में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत



**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में आरा-बक्सर फोर-लेन सड़क पर एक जीप के डिवाइडर से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। यह घटना आरा-बक्सर फोर-लेन पर गजराजगंज पुलिस चौकी के पास हुई।

### पशु से टकराकर पलटी कार, मां-बेटे की मौत



**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के दोस्तपुर इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक कार के गोवंशीय पशु से टकरा कर पलट जाने से, उसमें सवार मां-बेटे की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। गोसैसिंहपुर अंडरपास के पास तेज गति से जा रही एक कार के सामने अचानक एक गोवंशीय पशु आ गया।

राजभवन और ईडी दफ्तर घेरने निकले कांग्रेसी, पुलिस और आंदोलनकारियों में झूमा-झटकी

# हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद सड़क पर उतरी कांग्रेस, छत्तीसगढ़ में घेरा ईडी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/रायपुर

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेबी की प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे और अदाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, कन्हैया कुमार और उदित राज सहित अन्य लोग शामिल हुए। देवेंद्र यादव ने कहा कि जिस तरह से घोटाले का खुलासा हुआ है, उसे देखते हुए सेबी प्रमुख को इस्तीफा देना चाहिए या फिर उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह से जुड़े 'घोटालों' की जेपीसी से जांच जरूरी है। माधवी बुच के खिलाफ जेसीपी जांच की मांग की जा रही है जिससे सारा सच सामने आ सके। हिंडनबर्ग के इस खुलासे के बाद सेबी को लेकर कई गंभीर सवाल है। सवाल बाजार नियामक सेबी की विश्वनीयता पर उठा है, उसके कामकाज पर सवाल उठे हैं। इस मामले के बाद अब मांग उठने लगी शेष पेज 4 पर

*अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने हाल ही में चौंकाने वाले खुलासे करते हुए मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच पर कई गंभीर आरोप लगाए। हिंडनबर्ग के खुलासे के बाद से सेबी चीफ माधवी बुच के इस्तीफे को लेकर मांग तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर देशभर में प्रदर्शन भी किया है। ईडी दफ्तरों के घेराव के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी भी हुई।*

■ अदाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग

### तेलंगाना सीएम ने भाजपा पर साधा निशाना

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मांग की कि बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव सेबी प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे पर और अदाणी समूह की कथित धोखाधड़ी की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन पर अपना रुख स्पष्ट करें। तेलंगाना कांग्रेस के प्रमुख रेड्डी ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों और पार्टी विधायकों के साथ सेबी प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे और अदाणी की कथित वित्तीय धोखाधड़ी की जेपीसी से जांच की मांग को लेकर यहां एक धरने में हिस्सा लिया।

### भूपेश बोले- कांग्रेस सरकार आई, तो एजेंसियों द्वारा मारे गए छापों की करवाएंगे जांच




**प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी दफ्तर के सामने घेराव प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

बड़े नेताओं के साथ कार्यकर्ता पहुंचे ईडी दफ्तर

### धरना, पुलिस से झूमा-झटकी



रायपुर। हिडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर छत्तीसगढ़ में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस ने रायपुर ईडी दफ्तर कार्यालय के सामने धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई। पूर्व सीएम भूपेश बघेल, दीपक बैज, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, तमाम दिग्गजों ने हिडनबर्ग मामले की जेपीसी जांच और शेष पेज 4 पर

#### अधिकतर केस विपक्ष के नेताओं का: बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी ने देशभर में 5 हजार 422 केस दर्ज किया है। इसमें 300 केस छोड़ दें, तो बाकी सभी केस विपक्ष के नेताओं का केस है। विपक्ष को डराओ, धमकाओ और अपनी पार्टी में शामिल कर लो, यह काम केंद्र की भाजपा की सरकार करती है।

## गैंगरेप के नाबालिग आरोपी की ओडिशा में खेत में मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले के पुसौर ब्लाक अंतर्गत बीते 19 अगस्त को महिला के साथ गैंगरेप में शामिल एक नाबालिग की पड़ोसी राज्य ओडिशा के खेत में लाश मिली है। वन्यप्राणी के शिकार के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से मौत हो गई। गैंगरेप का यह आरोपी गिरफ्तारी के डर से अपने मामा के घर में छिपा हुआ था। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

■ खेत में सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट प्रवाहित तार में उलझकर मौत

रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि पुसौर क्षेत्र में गैंगरेप का जो मामला सामने आया है। उसमें पुलिस के द्वारा एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय के द्वारा उन्हें जेल भेज दिया गया शेष पेज 4 पर

#### पीड़ित परिवार की सुरक्षा पहली प्राथमिकता: ओपी

जिला भाजपा कार्यालय में सांसद राधेश्याम राठिया की मौजूदगी में प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पीड़ित परिवार की पहचान सार्वजनिक ना हो इसलिए सीधी मुलाकात के बजाय परिवारजन से दूरभाष में वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर निरंतर संपर्क रखा गया है। श्री चौधरी ने कहा कि घटना के 24 घंटे के अंदर मामले की एफआईआर दर्ज करवाई ताकि आरोपियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एक नाबालिग आरोपी के निकटवर्ती राज्य शेष पेज 4 पर

विनेश ने लगाया आरोप

## गवाही से पहले महिला पहलवानों की हटाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली पुलिस ने उन महिला पहलवानों की सुरक्षा वापस ले ली है, जो दिल्ली की एक अदालत में पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ गवाही देने वाली हैं। विनेश और उनकी चचेरी बहन संगीता फोगाट सहित कई अन्य पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। संगीता ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया की पत्नी हैं। दिल्ली पुलिस ने मामले में भारतीय जनता पार्टी के इस नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपपत्र दायर किया था।



#### दिल्ली पुलिस बोली-प्रैक्टिस के लिए बुलाया था

दिल्ली पुलिस ने विनेश की पोस्ट पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पीएसओ को फायरिंग और ट्रेनिंग प्रैक्टिस के लिए बुलाया गया था। पुलिस में यह रूटीन मामला है। दोनों लड़कियों के लिए पीएसओ वापस जा चुके हैं या आज रात को पहुंच जाएंगे। विनेश की जो पोस्ट है, उस हिसाब से सुरक्षा हटाने के कोई आदेश नहीं हैं।

## पुरानी पेंशन पर 24 घंटे में हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एनपीएस' सुधार की बात कही थी। उन्होंने 'पुरानी पेंशन' का जिक्र तक नहीं किया। उसके बाद संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली का कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के विचाराधीन नहीं है। इसके बाद कर्मचारी निराश हो गए।

■ पहली बार पीएम करेंगे कर्मचारियों संग बैठक

## हाईकोर्ट ने कहा- स्कूल सुरक्षित नहीं तो राइट टू एजुकेशन का कोई मतलब नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर स्थित आदर्श विद्यामंदिर स्कूल में दो नाबालिग छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न की घटना का बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस दौरान हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां कीं। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा, अगर स्कूल सुरक्षित स्थान नहीं हैं, तो 'शिक्षा के अधिकार' के बारे में बात करने का क्या मतलब है?

### बदलापुर कांड पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी



#### पूछा- पुलिस गंभीरता से क्यों नहीं ले रही

खंडपीठ ने कहा, पुलिस इसे गंभीरता से कैसे नहीं ले सकती? हम जानना चाहते हैं कि स्कूली छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आप क्या कदम उठा रहे हैं।

#### क्या है मामला

गौरतलब हो कि स्कूल के सफाई कर्मचारी ने कथित तौर पर दो बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया। यह घटना 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच हुई। पीड़ित परिवार ने 16 अगस्त को पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। लेकिन पुलिस ने 12 घंटे बाद 16 अगस्त की रात करीब 9 बजे एफआईआर दर्ज की।

## असम में नया कानून, काजी नहीं करा पाएंगे निकाह और तलाक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि राज्य में मुस्लिम लोगों के निकाह और तलाक का अनिवार्य सरकारी रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा के आगामी सत्र में एक विधेयक आएगा। उन्होंने कहा, इससे पहले मुस्लिम निकाह काजियों के जरिए रजिस्टर कराए जाते थे, लेकिन इस नये विधेयक से यह तय होगा कि समुदाय में होने वाले सभी विवाह सरकार के सामने रजिस्टर होंगे। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने यह भी दावा किया कि पहले काजी नाबालिगों की शादियों का भी रजिस्ट्रेशन करते थे।



#### नए विधेयक में क्या

एक बार यह कानून लागू हो जाने पर असम में मुस्लिम विवाह और तलाक का पंजीकरण करने वाले 'काज़ियों' की भूमिका समाप्त हो जाएगी। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, असम कैबिनेट ने मुस्लिम विवाह पंजीकरण विधेयक 2024 को मंजूरी दे दी है। इसमें दो विशेष प्रावधान हैं: अब मुस्लिम विवाहों का पंजीकरण काज़ी द्वारा नहीं बल्कि सरकार द्वारा किया जाएगा और 'बाल विवाह का पंजीकरण अवैध माना जाएगा।

कांग्रेस कुर्सी बचाने तो भाजपा हथियाने में जुटी

## महापौर का जाति प्रमाण पत्र निरस्त

■ आदिम जाति विभाग की उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने प्रमाण पत्र को माना अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

खास खबर

नगर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को आदिम जाति विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने निरस्त कर दिया है। महापौर के जाति प्रमाण पत्र के निरस्त होने के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई शेष पेज 4 पर



#### आदेश का इंतजार

अभी हमें किसी तरह के आदेश की कॉपी नहीं मिली है, आदेश का इंतजार कर रहे हैं, इसके बाद ही कुछ कह सकते हैं। जिला न्यायालय में केस जीतने के बाद यह मामला अभी बिलासपुर हाईकोर्ट में विचाराधीन है।
- राजकिशोर प्रसाद, महापौर, नगर पालिक निगम

#### कांग्रेस के 26 तो भाजपा के 33 पार्षद

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के गठन के बाद नगर निगम कोरबा के वार्डों की संख्या 67 से घटकर 59 हो गई है। वर्तमान में निगम में कांग्रेस व भाजपा पार्षदों की संख्या पर गौर करें तो कांग्रेस के पास 26 व भाजपा के पास 33 पार्षद हैं। इसके पूर्व भाजपा के पास 31 पार्षद थे, जिनमें से 3 पार्षदों के चले जाने से उनकी संख्या घटकर 28 हो गई थी। इसके बाद जोगी कांग्रेस के 2 और कांग्रेस के 2 पार्षदों के भाजपा में शामिल होने से इनकी संख्या 32 हुई। इसके बाद एक निर्दलीय पार्षद ने भी भाजपा का दामन थाम लिया, जिसके बाद निगम में भाजपा पार्षदों की संख्या 33 हो गई।




## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्र.5 खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ. ग.)

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम - आमंत्रण)

**निविदा सूचना क्र. 02 / व. ले.लि. / 2024-25 / समुह क्र. 01 एवं 02**
**दिनांक 21.08.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 11.09.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

**01- कार्य का नाम** - जांजगीर-चाम्पा (वर्तमान - सक्ती) जिले के विकासखण्ड - डभरा अंतर्गत मिनीमाता बांगो परियोजना अंतर्गत कुरदा उपवितरक नहर एवं बड़ेसीपत, नवापारा, बरपाली, छपोरा माईनर तथा उनके अधीनस्थ 10 नग बांच माईनर नहरों का रिनोवेशन कार्य ।
सिस्टम निविदा क्र. 157523, अनुमानित लागत - रू. 294.71 लाख

**02 - कार्य का नाम** - जांजगीर-चाम्पा (वर्तमान - सक्ती) जिले के विकासखण्ड - डभरा के मिनीमाता बांगो परियोजना अंतर्गत सिंघरा वितरक नहर प्रणाली के अंतर्गत 19 नग माईनरो का रिनोवेशन कार्य (लंबाई 32.20 कि.मी.)
सिस्टम निविदा क्र. 157525, अनुमानित लागत रू. 295.64 लाख
( निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.08.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

**नोट** : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2023 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate ( Valid up to 30.09.2024 ) का उपयोग अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्र.5**
**खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

G-242501964/1



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बलौदाबाजार जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Office Phone. :- 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

// ई - निविदा आमंत्रण सूचना क्र. -05//
( प्रथम बार )

क्रमांक/1999/निविदा/ ग्रा. यां.से. / 2024-25 बलौदाबाजार, दिनांक 21/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 02.09.2024 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 157865 | 3KLW फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य, ग्राम - देवरी, वि.ख. भाटापारा | 24.05 | 02.09.2024 |
| 157866 | 3KLW फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य, ग्राम- छरछेद, वि.ख. कसडोल | 28.86 | |
| 157867 | 3KLW फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य, ग्राम - सुहेला, वि.ख. - सिमगा | 24.05 | |
| 157868 | 3KLW फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य, ग्राम – ओड़ान, वि.ख. पलारी | 29.88 | |

2/- निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 21.08.2024 से देखी जा सकती है।

**(आर. आर. महिलांगे)**
**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रा.यां. सेवा संभाग- बलौदाबार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

G-242501951/3


# मर्दानी 3 में भी आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यशराज फिल्म्स ने मर्दानी सीरीज की 3 फिल्म का ऐलान कर दिया है। 22 अगस्त को मर्दानी फिल्म को 10 साल पूरे हुए हैं। इस तरह रानी मुखर्जी को एक बार फिर मुंबई क्राइम ब्रांच की सीनियर इंस्पेक्टर शिवाजी रॉय के किरदार में देखा जा सकेगा। वाईआरएफ ने इस मौके पर एक वीडियो भी शेयर किया है। मर्दानी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल महिला-प्रधान फ्रेंचाइजी है, और इस लोकप्रिय पुलिस फ्रेंचाइजी की 10वीं वर्षगांठ पर, कंपनी ने इसके अगले अध्याय की झलक पेश की है। मर्दानी का पहला भाग 2014 में रिलीज़ हुआ था, और 2019 में इसका सीक्वल भी आया। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं और इनका एक बड़ा फैन बेस है। रानी मुखर्जी ने इस फ्रेंचाइजी में शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाई है, जो एक निडर और साहसी पुलिस अधिकारी हैं, जो हमेशा सही के लिए खड़ी होती हैं और बहुत साहस के साथ न्याय दिलाती हैं। मर्दानी लिंग मान्यताओं को तोड़ते हुए दिखाती है कि एक महिला पुरुष-प्रधान पेशे में सबसे आगे रहकर कैसे नेतृत्व कर सकती है और चाहे हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, जरूरतमंदों की रक्षा के लिए वह आगे आती है। यशराज फिल्म्स ने 'मर्दानी' के 10 साल पूरे होने का जश्न खास अंदाज में मनाते हुए एक वीडियो जारी किया, जिसमें 'मर्दानी' और 'मर्दानी 2' फिल्म से रानी मुखर्जी के कुछ सीन दिखाए गए हैं।

# 'डॉन-3' में करेंगी आइटम सॉन्ग



नई दिल्ली। शोभिता धुलिपाला के हाथ बॉलीवुड की हिट फिल्म डॉन की तीसरी कड़ी यानी डॉन 3 लगी है। इस फिल्म को लेकर पहले ही खबर आ चुकी है कि रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस कर रहे हैं। इस बात की जानकारी खुद फरहान अख्तर ने दी थी कि डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल प्ले करेंगे। ऐसे में अब डॉन 3 में नागार्जुन की बहू शोभिता धुलिपाला के एंट्री की खबरें भी सामने आ रही हैं। शोभिता धुलिपाला से फरहान अख्तर की फिल्म में एक आइटम सॉन्ग के लिए संपर्क किया गया है।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

-:: नौवां (9th) काउंसिलिंग हेतु सूचना :-

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग तथा भौमिक तथा खनिकर्म विभाग के प्रस्ताव पर सहायक मानचित्रकार (सिविल) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 25.03.2018 को मानचित्रकार/सहायक मानचित्रकार के पद पर भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा (CDM18) आयोजित की गई तथा परीक्षा का परिणाम व्यापम की वेबसाईट पर दिनांक 19.07.2018 को प्रदर्शित किया गया । परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विज्ञप्ति में दी गई कंडिकाओं के अनुरूप मेरिट आधार पर अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच हेतु केवल लोक निर्माण विभाग के लिए विज्ञापित रिक्त पदों हेतु काउंसिलिंग किया जाना है ।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नांकित मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित छायाप्रतियाँ सहित दिनांक 04.09.2024 को समय प्रातः 11.00 बजे कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग नार्थ ब्लॉक, सेक्टर - 19, निर्माण भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) में उपथित होवें :-

(i) ऑनलाईन प्रदर्शित अभ्यर्थी का बायोडाटा (फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित) (ii) संयुक्त भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र ( Admit Card ) (iii) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2), (iv) हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10 + 2) (v) निर्धारित शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र (vi) स्थाई जाति प्रमाण पत्र (vii) जाति सत्यापन प्रमाण पत्र (viii) संलग्न प्रारूप (एक) अनुसार शपथ-पत्र (यदि जाति सत्यापन प्रमाण पत्र नहीं हो तो ) (ix) छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र (x) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (xi) अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि शासकीय सेवा में हो तो ) (xii) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र (xiii) एवं अन्य प्रमाण पत्र/दस्तावेज (यदि कोई हो तो) ।

इस हेतु अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी। काउंसिलिंग हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों का नाम, अनुक्रमांक (रोल नं.) एवं अन्य विवरण का अवलोकन हेतु लोक निर्माण विभाग के वेबसाईट https://pwd.cg.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया है ।

**प्रमुख अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

G-242501957/3


# 'कांतारा-2' के लिए कर रहे खास तैयारी



मुंबई। ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' को खास तौर पर पसंद आई थी। इस साल फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड भी जीता है। कम बजट में बनी इस फिल्म ने अपनी कहानी के दम पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। फिल्म के हिट होने के बाद ही ऋषभ ने इसके अगले भाग की घोषणा कर दी थी, जो वास्तव में इस फिल्म का प्रीक्वल होगा। ऋषभ फिल्म के प्रीक्वल के लिए काफी तैयारियां कर रहे हैं। इसी बीच ऋषभ शेट्टी ने एक नई फोटो पोस्ट की है। पोस्ट की गई तस्वीर में वह कलारीपयट्टू का अभ्यास करते दिख रहे हैं। इस फोटो में हम देख सकते हैं कि उन्होंने काला बरगद पहना हुआ है, मैरून रंग का दुपट्टा बांध रखा है।


## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छत्तीसगढ़
अरण्य भवन, सेक्टर-19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर - 492002 (प्रभाग - प्रशासन/अराजपत्रित)
फोन एवं फैक्स - 0771-2512829 ईमेल- apccfng@gmail.com

### वनरक्षक के 151 पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 151 पदों पर सीधी भर्ती हेतु वर्ष-2 -2023 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें पात्र कुल 2934 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट www.forest.cg.gov.in पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना एवं परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा। वन विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग. व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिस पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन **सबमिट** नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा वन विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक **सबमिट** करना अनिवार्य है। **लिखित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है -**

| | |
|---|---|
| व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की प्रारंभिक तिथि | 23.08.2024 (शुक्रवार) |
| व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की अंतिम तिथि | 08.09.2024 (रविवार) रात्रि 11.59 बजे तक |
| परीक्षा की तिथि (संभावित) | 22 सितम्बर 2024 (रविवार) |
| परीक्षा का समय | पूर्वान्ह 10.00 बजे से 12.15 बजे तक |
| परीक्षा केन्द्र | बिलासपुर एवं रायपुर |

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा. अराज.)**
**छ. ग. नवा रायपुर, अटल नगर**

G- 242501974/2


# तारक मेहता के 'अब्दुल' ने 16 साल बाद छोड़ा शो?

**नई दिल्ली**। तारक मेहता का उल्टा चश्मा एक ऐसा फैमिली शो है जिसे लगभग हर कोई पसंद करता है। पिछले 16 सालों से दर्शकों को हंसा रहा ये शो कई बार विवादों में भी आया, लेकिन इस शो के फैंस का प्यार शो के लिए नहीं बदला।



हालांकि, शो से कुछ पुराने एक्टर्स ने विदा जरूर ले ली है। शो से विदा लेने वाले एक्टर के तौर पर शरद संकला का नाम सामने आ रहा है। शरद संकला शो में अब्दुल का किरदार निभाते हैं। अब्दुल शो के पहले एपिसोड से ही दर्शकों के साथ जुड़े हुए हैं। शो में अब्दुल गोकुलधाम सोसाइटी के बाहर ही एक किराना शॉप चलाते हैं। साथ ही, वो सोसाइटी के भी छोटे-मोटे काम किया करते हैं। ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के मुताबिक, शरद संकला ने मई 2024 को कुछ कारणों के चलते शो को छोड़ दिया था। शो के लेटेस्ट एपिसोड्स से शरद संकला की गैरमौजूदगी के चलते ये अफवाहें तेज हो गई हैं कि एक्टर ने शो छोड़ दिया है। हालांकि, शरद की तरफ से या शो के मेकर्स की तरफ से इन खबरों की पुष्टि नहीं की गई है।

## नरेशी के ब्रेन ट्यूमर के इलाज में मदद करेंगे अमिताभ

**नई दिल्ली**। केबीसी 16 के लेटेस्ट एपिसोड में विष्णु अच्युत के बाद अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर राजस्थान की



नरेशी मीणा को खेलने का मौका मिला। प्रोमो में दिखाया जा चुका है कि नरेशी को ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी है। उनका हौसला देख बिग बी भी इमोशनल हो गए। नरेशी ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए काफी पैसों की जरूरत है। बिग बी ने उनसे वादा किया कि वह नरेशी की मदद करेंगे। कौन बनेगा करोड़पति 16 की 27 साल की कंटेस्टेंट नरेशी ने जब ब्रेन ट्यूमर होने की बात बताई तो हर कोई शॉक्ड रह गया। नरेशी ने अमिताभ बच्चन को बताया, 'सर मुझे साल 2018 में ब्रेन ट्यूमर का पता चला था। 2019 में मेरी सर्जरी भी हो गई, इसके लिए मेरी मां को अपने गहने बेचने पड़े। सर्जरी के बाद भी डॉक्टर पूरा ट्यूमर नहीं निकाल पाए। यह क्रिटिकल जगह पर है जिसके लिए दोबारा सर्जरी करनी पड़ेगी।

## धमकी मिलने से डर गई थीं...

**लॉस एंजिल्स**। मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट हाल ही में, अपने वियना में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को लेकर उस चर्चा



में आ गई, जब इस शो पर आतंकी हमले की साजिश की बात सामने आई। इसके बाद उनके तीन संगीत कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया। अब इस पूरे मामले पर टेलर स्विफ्ट की ओर से जवाब आ गया है। टेलर स्विफ्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि उनके वियना में होने वाले शो का रद्द होना दिल दहलाने वाला था। इसके रद्द होने के पीछे के कारण ने उन्हें डर और अपराधबोध की भावना से भर दिया था।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**आफिस सहायक**

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। मो. 6265100904. (RO-2941)

**आवश्यकता.**

आवश्यकता है- स्वीट शॉप हेतु अनुभवी सेल्स मैनेजर, सेल्समैन व सेल्सगर्ल्स एवम साउथ इंडिया (समोसा ,कचौरी) नाश्ता बनाने वाले की आवश्यकता हैं। आकर्षक वेतन। **संपर्क करें: स्वीट इंडिया, मोतीबाग, रायपुर। मोबाइल: 8839006103.** (RO-A)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.**(RO-2939)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में छोटा हाथी टाटाऐस चलाने हेतु ड्राइवर की एवं काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता **संपर्क: दीपक साउंड सर्विस फूलचौक,** जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 98271-14645.(RO-2943)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार । **संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड, रायपुर । मोबाइल 9340273375** (RO-219)

आवश्यकता है- बच्चों के रेडीमेड वस्त्रों (होलसेल) की दुकान मे कार्य करने अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **ज्योति किड्स वेअर** I g v p **पंडरी रायपुर** 9425215272 (RO-4446)

**कैप्टन/कुक**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी कैप्टन व इंडियन कुक की आवश्यकता है अनुभवी ही **संपर्क करें। होटल विनार लिंक 1- जय स्तंभ चौक-** मो- 9713577672 रायपुर (RO-6460)

**स्टॉफ नर्स/ बार्ड बॉय**

आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध, **संपर्क करें:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.**(RO-2944)

**मार्केटिंग**

REQUIRED- We need professionals with 4+ years of experience in architecture, digital marketing, and management for a real estate company. Contact: 9584131350, Email: info@mrlayouts.com (आरो नं -6367)

**रिसेप्शनिस्ट/ कुक**

आवश्यकता है- होटल में कार्य करने हेतु रिसेप्शनिस्ट-02, कुक इंडियन-02, चायनीज, साऊथ इंडियन -02 की आवश्यकता है **संपर्क करें:- न्यु होटल गौरी स्मृतिनगर भिलाई मो.-** 8827195000 (आरो -6368)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, बालाजी मंदिर के पीछे गुढियारी एवं केंट इंटरनेशनल स्कूल अमलेश्वर रोड ग्राम झीट में स्कूल बस हेतु (बैचवाले) एवं मैजिक चलाने हेतु ड्राईवर की आवश्यकता है। **संपर्क करें-** 8817444448, 8109077721, 8109077723 (RO-7467)

आवश्यकता है- स्कूल बस हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है- 2 पद । आवेदन 03 दिवस के भीतर अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा (रिसाली) में जमा करें। **संपर्क-** 9098211113 (आरो न.-564)

आवश्यकता है- हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग - अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित **संपर्क करें-** 8225022889, 9827806026 (आरो न.-6369)

**कम्प्युटर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : **नरेंद्र फार्मा डंगनिया** 9425542077, 9669426111.(RO-301)

आवश्यकता है- कोरल ड्रा एवम फोटोशॉप के अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। कुशल, इच्छुक बायोडाटा सहीत **संपर्क करें:-** 8109559555, 9826680137, 7509081111 (RO-324)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- हिंदी-इंग्लिश टाइपिंग कंप्यूटर एक्सपर्ट ग्रेजुएट लड़की एवं फील्ड कार्य हेतु स्वयं का वाहन वाले 12वीं पास लड़के की आवश्यकता है। पेमेंट 5000 । **साईं नगर ऊरला, दुर्ग, सम्पर्क- 93295 11103** (आरो न.-565)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18-28, 10वीं, 12वीं पास, जो रीवा में आकर काम कर सकें। वेतन 10000 कमीशन+ बोनस, रहना+ खाना फ्री, **शीघ्र सम्पर्क करें-** 8982665514, 8349969546 (RO-35147)

**टेलीकॉलर**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- ऑफिस एवं टेलीकॉलिंग कार्य हेतु युवक की, योग्यता 10वी, 12वी, स्नातकोत्तर, सैलरी- 10,000/- +कमीशन +बोनस + इन्सेंटिव + रहना फ्री +काम के आधार पर प्रमोशन ट्रेनिंग बाद 15,000/- -20,000/- कमाने का मौका- 9039470547, 8815522974.(RO-2945)

आवश्यकता है- ऑफिस में टेली कॉलिंग तथा ऑफिस कार्य के लिए लड़कियों की आवश्यकता है। कार्य समय 10 से 8, वेतन 7000 -9000 (योग्यता अनुसार)। **सम्पर्क :- स्काई एजेंसी, समवेत शिखर काम्प्लेक्स, प्रथमतल, शॉप नंबर 1, दैनिक भास्कर काम्प्लेक्स के पास, रजबंधा मैदान रायपुर** 7770807779 (RO-373)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**घरेलु कार्य/कुक**

आवश्यकता है- वीआईपी चौक लाभांडी रायपुर में सभी घरेलू कार्य, एवं शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला एवं पुरूष (ड्रायवर या कुक) चाहिए। रहने की जगह दी जायेगी, ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी ( बच्चे साथ में न रहते हों)। **संपर्क करें- 9300593000** (RO-1227)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर :** 7772011223. (RO-3919)

REQUIRED- PARSHURAM EXPORT'S LOOKING FOR YOUNG . DYNAMIC BOYS AND GIRLS. WITH GOOD ENGLISH SPEAKING AND COMPUTER KNOWLEDGE .SALARY - 15.P.M CONTCET - 7400779954 ,145- DHILION COMPLEX SURELA BHILAI (आरो न.-562)

**घरेलु कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- घर में कार्य करने के लिए एक अनुभवी महिला और एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। जिसे 5 वर्ष का अनुभव हो रहने की सुविधा वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:-** 9425207767, 7003707354, 9238677911. (RO-6459)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर-** 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है - बोरसी, रेल्वे फाटक व मार्केट के नजदीक पंचशील नगर MIG-74 पश्चिम फेंसिंग 1400 sqft, 2BHK अतिशीघ्र बेचना है। 7489361112, 9406242820, (आरो न.-563)

**प्लाट**

प्लॉट उपलब्ध है- प्लॉट ही प्लॉट सेलूद चौक से 20 मीटर पहले मेन हाईवे दुर्ग से पाटन रोड शानदार लोकेशन हर साईज का प्लॉट उपलब्ध है । अपना ड्रीम होम बनाए Mo:- 9826116067, 7999156056.(आरो न.-566)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**For Rent किराया**

किराए से देना है- तालपुरी ए ब्लॉक में 180 वर्गफ़ीट की दुकान। क्लिनिक, डेलीनीड्स, बुटिक, ब्यूटीपार्लर, मेडिकल स्टोर, लॉड्री हेतु किराए पर उपलब्ध। mo.- 79997-73431 , 94252-38690. (आरो न.-561)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।






हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली
भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त बयान में कहा, भारत और पोलैंड के संबंध बेहतर हो रहे हैं। पीएम मोदी ने पोलैंड की कंपनियों को भारत आने का निमंत्रण भी दिया। संयुक्त बयान में पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच युद्ध चिंता का विषय है। संवाद, कूटनीति से ही शांति और स्थिरता संभव है। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। मासूमों की जान की हानि चिंताजनक. पीएम मोदी ने कहा, भारत बातचीत से समाधान का पक्षधर है।

## पोलैंड में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# यूएन में सुधार समय की मांग, रूस-यूक्रेन युद्ध चिंता की बात

## पोलैंड के पीएम टस्क ने कहा- भारत-पोलैंड रिश्तों को मिलेगा नया आयाम

### भारत के प्रधानमंत्री का पोलैंड दौरा बेहद खास

संयुक्त बयान में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा, आज का दिन हमारे दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हम अपने देशों के बीच रणनीतिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की मेजबानी कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे दोनों देशों के बीच संबंध बेहतर होते जा रहे हैं। यह पूरे क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



### भारत हर संभव सहयोग देने को है तैयार

*यूक्रेन की अपनी यात्रा से एक दिन पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का दृढ़ता से मानना है कि किसी भी संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं निकाला जा सकता और वह क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद यह बात कही। बैठक में, दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया।*

### मोदी की पोलैंड की पहली यात्रा

मोदी बुधवार को वारसॉ पहुंचे, जो करीब आधी सदी में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड की पहली यात्रा है। उन्होंने कहा, "आज का दिन भारत और पोलैंड के बीच संबंधों के लिए विशेष महत्व का है। 45 साल बाद, आज कोई भारतीय प्रधानमंत्री पोलैंड आया है।" मोदी ने कहा, "इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर, हमने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में तब्दील करने का निर्णय लिया।" मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक-दूसरे के साथ सहयोग करते रहे हैं। उन्होंने कहा, "दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार वक्त की दरकार है।'

---

**आतिशी ने अधिकारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस**

# सीएम केजरीवाल की फोटो के बिना विज्ञापन क्यों दिया?

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल की तस्वीर के बिना अखबार में विज्ञापन जारी करने पर विभाग के सचिव और निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और शहर की नौकरशाही के बीच संभावित रूप से ताजा टकराव के रूप में देखा जा रहा है। मंगलवार को जारी नोटिस में अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर यह बताने को कहा गया है कि विज्ञापन की लागत उनके वेतन से क्यों न वसूली जाए, क्योंकि यह प्रभारी मंत्री की मंजूरी के बिना प्रकाशित किया गया था। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 अगस्त को एक नोट में, सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी) ने मुख्यमंत्री की तस्वीर लगाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस किसी अन्य त्योहार की तरह नहीं है, यह व्यक्तियों को प्रदर्शित करने के लिए कार्यक्रम नहीं है, खासकर अभूतपूर्व परिस्थितियों में जब प्रश्नगत व्यक्ति एक विचाराधीन कैदी है, जो कानून की उचित प्रक्रिया के अनुसार न्यायिक हिरासत में है।

### न्यायिक हिरासत में हैं केजरीवाल



सीएम केजरीवाल वर्तमान में आबकारी नीति मामले के सिलसिले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में हैं। दस्तावेजों के अनुसार, 14 अगस्त को आतिशी ने विभाग को पिछले साल की तरह पूरे पेज का विज्ञापन देने का निर्देश दिया और केजरीवाल की तस्वीर के साथ रचनात्मक योजना को मंजूरी दी। आतिशी ने कहा था कि मुख्यमंत्री दिल्ली की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के मुखिया हैं और उनकी तस्वीर लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूल्यों का प्रतीक है।

---

**सभी 90 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगी नेकां और कांग्रेस**

# कश्मीर चुनाव : नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के बीच हुआ गठबंधन

*जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने विधासनभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि नेकां और कांग्रेस गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया, शाम तक चरणवार सूची प्रकाशित की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस ने भी अपने एक्स अकाउंट से गठबंधन की घोषणा की है, जिसमें कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने श्रीनगर में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि हमारी बैठक हुई। हमारी योजनाएं सही रास्ते पर हैं और हमें उम्मीद है कि गठबंधन अच्छा चलेगा।

### फारूक अब्दुल्ला ने कहा- किसी के लिए कोई दरवाजा बंद नहीं



### राज्य का दर्जा बहुत अहम : फारूक

दोनों पार्टियों के बीच सभी 90 विधानसभा सीटों पर गठबंधन हो गया है। कांग्रेस, एनसी और सीपीआई (एम) साथ में हैं। हम साथ मिलकर काम करेंगे और चुनाव लड़ेंगे। हमें उम्मीद है कि राज्य का दर्जा वापस मिलेगा। किसी के लिए कोई दरवाजा बंद नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के बयान पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य का दर्जा हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमने इसका वादा किया है। इस राज्य ने बुरे दिन देखे हैं। हमें उम्मीद है कि राज्य को पूरी स्वायत्तता मिलेगी और हम इस मामले में हर तरह से इंडिया अलायंस के साथ खड़े हैं।

### तीन चरणों में होंगे चुनाव

बीती 16 अगस्त को चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर व हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव का ऐलान किया था। 90 विधानसभा सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण का चुनाव 18 सितंबर को होगा, दूसरे चरण का चुनाव 25 सितंबर और तीसरे चरण का चुनाव 1 अक्टूबर को होगा। वहीं, हरियाणा में एक ही चरण में सभी 90 सीटों पर चुनाव होंगे। चुनाव परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

### कार्यकर्ताओं की इज्जत के साथ कोई समझौता नहीं होगा : राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे। इस दौरान राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा, जिस डर में आप जीते हो। इसको हम पूरी तरह से मिटाना चाहते हैं। मैं जानता हूं कि आप लोगों को क्या सहना पड़ता है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन होगा, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की इज्जत के साथ कोई समझौता नहीं होगा क्योंकि आपने अपनी पूरी जिंदगी कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने में और भारत की रक्षा करने में गुजार दी।

---

**यूपी से लेकर राजस्थान, झारखंड तक फैला है इनका नेटवर्क**

# पाक संगठन अलकायदा के 14 आतंकवादी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने झारखंड, राजस्थान व यूपी पुलिस के साथ मिलकर पाकिस्तानी आतंकी संगठन अलकायदा के 14 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी अलकायदा प्रेरित मोड्यूल के सदस्य हैं जो झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में फैले थे। इस मोड्यूल का नेतृत्व रांची के डॉक्टर इश्तियाक द्वारा किया जा रहा था। वह खिलाफत की घोषणा कर देश के भीतर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए संगठन खड़ा करना चाह रहा था। इस मोड्यूल के सदस्यों को विभिन्न स्थानों पर हथियारों के प्रशिक्षण दिए जा चुके हैं।

- **दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की कई राज्यों में छापामार कार्रवाई**

**हथियार चलाने की दी जा रही थी ट्रेनिंग :** दिल्ली के एडिशनल पुलिस कमिश्नर स्पेशल सेल प्रमोद सिंह कुशवाहा के मुताबिक सेल ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से भिवाड़ी से हथियार चलाने का प्रशिक्षण ले रहे छह आतंकियों को गिरफ्तार किया है। वहीं झारखंड और यूपी पुलिस के साथ मिलकर उक्त दोनों जगहों से आठ आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गिरफ्तार हो सकते हैं और आतंकी

*पुलिस का दावा है कि अलग-अलग राज्यों में अभी ऑपरेशन जारी है। अभी और भी आतंकी गिरफ्तार किए जा सकते हैं। कई स्थानों से पुलिस ने हथियार, गोला-बारूद व अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। अब तक रांची में 15, राजस्थान में एक और अलीगढ़ में एक जगह पर छापेमारी की गई है।*



## जैकेट के शेष

### शाह आज आएंगे, सात ....

हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। नक्सल इलाकों में विकास कार्य केंद्र सरकार की नक्सल उन्मूलन के मामले में बड़ी प्राथमिकता है, इसलिए इस बैठक को भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कोआर्डिनेशन कमेटी के साथ गृहमंत्री शाह सभी डीजीपी से अलग-अलग मुलाकात कर उनके राज्यों की स्थिति से अवगत होंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे और नक्सलवाद के खिलाफ फुल प्रूफ रणनीति पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सल मोर्चे पर आने वाले वक्त में संयुक्त रणनीति पर काम होगा। छत्तीसगढ़ में गृहमंत्री अमित शाह की मंशा के अनुरूप काम हुआ है।

**शाह आज रात 10 बजे आएंगे** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 23 से 25 अगस्त तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री का आगमन शुक्रवार को रात्रि 10 बजे होगा। अपने प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री 24 अगस्त को सुबह 11:30 बजे होटल मेफेयर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद दोपहर 2:30 बजे छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में सम्मिलित होंगे। 25 अगस्त को सुबह 10:30 बजे एनसीबी ऑफिस का उद्घाटन करेंगे और फिर सरकार के कामकाज की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

### पहले पीएम फिर ....

स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश देते हुए, कोलकाता की घटना में प्राथमिकी दर्ज करने में 14 घंटे की देरी पर और इसके पीछे के कारणों पर सवाल उठाए। चिकित्सक की मौत के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने चिकित्सकों की सुरक्षा, प्रदर्शनकारियों के अधिकारों और पश्चिम बंगाल सरकार की जिम्मेदारियों से संबंधित कई निर्देश जारी किए। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने पूछा, आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के संपर्क में कौन था? उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी क्यों की? इसका क्या मकसद था? इस बीच, मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और चार अन्य चिकित्सकों की 'पॉलीग्राफ' जांच कराने की अनुमति मांगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर बलात्कार के दोषियों के लिए कठोर सजा के साथ सख्त केंद्रीय कानून बनाने की मांग की। कोलकाता के अस्पताल के संगोष्ठी कक्ष में नौ अगस्त को परास्नातक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक का शव बरामद किया गया था जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था और फिर उसकी हत्या कर दी गई। इस मामले में अगले दिन कोलकाता पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था, जिसके बाद एजेंसी ने 14 अगस्त को अपनी जांच शुरू की।

### छग के सरकारी ....

बताया गया है कि उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए आर्मी के हथियारबंद रिटायर्ड जवान तैनात करने की घोषणा की है।श्री जायसवाल ने इसके बाद रायपुर पंडरी जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों से उनका हाल चाल जाना और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक सुधारों के लिए सी एम एच ओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल पुलिस लाइन टिकरापारा का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### तैनात होंगे सुरक्षा ....

लेकर बहस छिड़ी हुई है। देशभर के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद आज से वे काम पर लौट आए हैं। माना जा रहा है कि अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर छत्तीसगढ़ में भी व्यवस्था बदलने की जरुरत महसूस की जा रही है। अब तक सरकारी अस्पतालों में केवल सुरक्षा गार्डों की तैनाती की जाती है।

### स्वाइन फ्लू से ....

हफ्तेभर तक अस्पताल में भर्ती रहे थे। दोनों की मौत के बाद उनके परिजनों के भी सैंपल लिए गए थे, मिली जानकारी के अनुसार परिजनों की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

### सिस्टम के बाद ....

सिलसिला शुरू होगा। वर्तमान मानसूनी गतिविधियों को देखते हुए अगस्त अंत तक बादल छटने के कोई आसार नहीं हैं। **आज भी बारिश संभव** : 23 अगस्त के लिए मौसम विभाग ने अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की है। इसके अलावा एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र फिलहाल मुख्य रूप से उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### यूपी के 10 जिलों ....

नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, तटीय कर्नाटक और कोंकण-गोवा में भारी बारिश (7 सेमी) का अलर्ट है। इधर, राजस्थान में भी मानसून दोबारा एक्टिव हो गया है।

### गोविंदराजन को देश ...

भौतिकी संस्थान के निदेशक अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम; तिरुवनंतपुरम स्थित राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक आनंदरामकृष्णन सी; भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान में रसायन विज्ञान समूह के निदेशक आवेश कुमार त्यागी; लखनऊ स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के प्रोफेसर सैयद वजीह अहमद नकवी शामिल हैं। बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान के जीवविज्ञानी उमेश वार्ष्णेय, पुणे स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के प्रोफेसर जयंत भालचंद्र उदगांवकर, आईआईटी दिल्ली के एमेरिटस प्रोफेसर भीम सिंह, श्री चित्रा तिरुनल आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक संजय बिहारी, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर आदिमूर्ति आदि, आईआईएम कोलकाता के राहुल मुखर्जी को भी विज्ञान श्री पुरस्कार प्रदान किया गया। इनके अलावा साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान के भौतिक विज्ञानी नबा कुमार मंडल और भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली के लक्ष्मणन मुथुस्वामी और प्रो. रोहित श्रीवास्तव (प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष) को विज्ञान श्री से सम्मानित किया गया।

## पेज एक के शेष

### चार कक्षाएं और...

वस्तु-स्थिति जानने प्रयास किया। जिन भी स्कूलों में परिणाम खराब आए हैं, वहां पढ़ाने के लिए शिक्षक ही नहीं हैं। शिक्षकों की ये कमी ही खराब छात्रों का भविष्य खराब होने की वजह बनी। स्कूलों को माहभर का समय जवाब देने के लिए दिया गया था। कई स्कूलों ने अपने जवाब भेज दिए हैं, जिसमें शिक्षकों की कमी का हवाला दिया गया है।

**विज्ञान, गणित और इंग्लिश के शिक्षक ही नहीं** : राजधानी रायपुर स्थित नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला टिकरापारा में पहली से दसवीं कक्षा का संचालन होता है। यहां नवमी में 30, दसवीं में 42, ग्यारहवीं में 8 और बारहवीं में 12 छात्र हैं। इन सबको पढ़ाने के लिए सिर्फ 2 शिक्षक बीते सत्र में थे। खराब परिणाम के बाद पखवाड़े भर पहले ही नगर निगम आयुक्त ने 2 शिक्षकों की व्यवस्था की है, लेकिन अब भी यहां पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं। दसवीं में यहां 26 में 8 छात्र ही उत्तीर्ण हुए तो बारहवीं में 12 छात्रों में से सिर्फ 5 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके। यहां गणित, इंग्लिश और विज्ञान विषय के शिक्षक ही नहीं हैं।

**कई बार संपर्क, दो टूक जवाब-निगम से मांगों टीचर** : अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, स्कूल प्रबंधन द्वारा कई बार जिला शिक्षा कार्यालय से संपर्क किया जा चुका है। शिक्षकों की मांग लेकर वे जब भी जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचे तो उन्हें दो टूक जवाब मिला कि यह नगर निगम का स्कूल है तो आप उनसे ही शिक्षक मांगे। छात्रों की पढ़ाई उचित रूप से हो सके, इसके लिए वे अपने परिचित शिक्षाविदों को बुलाकर भी छात्रों की पढ़ाई करवाते हैं।

### महिमा गवाड़ी शाला...

14 बच्चे फेल हो गए हैं और दो बच्चे पूरक आए हैं। 140 दर्ज संख्या वाले इस हायर सेकेंडरी स्कूल में अनुशासनहीनता इस कदर हावी है कि बच्चे स्कूल से लगातार गायब रहते हैं। बच्चों के साथ शिक्षकों का रवैया भी इसी प्रकार का होता है। व्यवस्था का जायजा लेने हरिभूमि की टीम जब यहां पहुंची तो सभी टीचर गायब मिले। 60 बच्चे ही स्कूल आए पहुंचे और 44 गैरहाजिर रहे।

**फेल छात्र अब चरा रहे मवेशी** : जब हमने बच्चों से बात की तो उन्होंने बताया कि संस्कृत,अर्थशास्त्र, राजनीति, व्यवसाय अध्ययन और हिंदी के टीचर नहीं हैं। 3 साल से प्रयोगशाला में धूल जमी हुई है। शिक्षकों ने एक बार भी बच्चों को प्रैक्टिकल करने के लिए नहीं बुलाया है। खराब पढ़ाई की वजह से फेल होने वाले बच्चे गांव के अंदर मवेशी चराते हुए दिख रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि शिक्षक बच्चों की पढ़ाई को लेकर गंभीर नहीं है। पैसे नहीं होने के कारण वे बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नहीं भेज पाते हैं।

**पहले अच्छे थे परिणाम** : हमारा रिजल्ट आशा के अनुरूप नहीं आया इससे पहले हमारा रिजल्ट बहुत अच्छा आया था इस रिजल्ट की समीक्षा की जाएगी।

- **संतोष बंजारे**, प्राचार्य, महिमा गवाड़ी विद्यालय

### बारिश के बाद काम...

किया जाएगा। आगे बताया कि इस स्कूल में आसपास के गांव चमेदा, जोगीबिर्दो, आमझर, साल्हेभाट, नयापारा, खल्लारी के छात्र पढ़ने आते हैं।

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के...

कि क्या अब वक्त आ गया है कि रेगुलेटर्स को भी रेगुलेट किया जाए। उत्तरप्रदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजभवन के सामने प्रदर्शन किया और हिंडनबर्ग की हाल की रिपोर्ट पर जेपीसी के गठन और सेबी प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस की हरियाणा एवं पंजाब इकाइयों ने सेबी प्रमुख माधवी बुच के अपने पद से इस्तीफे तथा अदाणी मुद्दे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को यहां प्रदर्शन किया।

### धरना, पुलिस से...

सेबी चीफ के इस्तीफे की मांग की है। श्री बघेल ने जांच एजेंसियों को सख्त चेतावनी दी है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी छापे के केस की जांच की जाएगी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, हम राष्ट्रीय स्तर पर ईडी कार्यालय का घेराव कर रहे हैं, क्योंकि ईडी भारतीय जनता पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करती रही है। अब एनडीए की सरकार है।

मोदी की सरकार नहीं है। मोदी चार माह में चार बार यू टर्न ले चुके हैं। अब अधिकारियों को समझ जाना चाहिए कि अब आपको मोदी जी बचाएंगे नहीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार आई, तो एजेंसियों द्वारा मारे गए छापों की जांच करवाएंगे। ईडी, आईटी, डीआरआई, सीबीआई के अधिकारी सुन लें, जिस दिन हमारी सरकार आएगी, सुप्रीम कोर्ट के जज के नेतृत्व में समिति बनाकर सब छापों के मामलों की जांच की जाएगी। अधिकारी अपना रवैया सुधार लें।

**अडानी और सेबी अध्यक्ष मिले हुए- महंत** : नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, सेबी के प्रमुख की अडानी के साथ मिलने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में जेपीसी की मांग की। जेपीसी की जांच नहीं कराई, क्योंकि हिडनबर्ग ने जो आरोप अडानी और उनके भाई तथा सेबी में जो अध्यक्ष मिले हुये हैं, उन लोगो की मिलीभगत से देश में सबसे बड़े घोटाला हुआ है।

### गैंगरेप के नाबालिग...

है। इस मामले में एक नाबालिग आरोपी जो फरार था वह अपने मामा घर गांव सराईपाली, थाना रेंगालपाली, जिला झारसुगुड़ा ओडिशा में छिपा हुआ था। बीती रात जंगली जानवर के शिकार के लिए बिछाए गए विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई है। परिजनों के द्वारा इसकी सूचना दी गई है और मौके पर ओडिशा पुलिस पहुंची हुई और वहां उसके शव को पीएम कराया जा रहा है। एसपी पटेल ने बताया कि जिस व्यक्ति के द्वारा खेत में वन्यजीवों के शिकार के लिए अवैध तरीके से विद्युत प्रवाहित करंट तार बिछाया गया था, उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**अभी तक आठ आरोपियों की शिनाख्त** : पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने यह भी बताया कि गैंगरेप के मामले में अभी तक 8 आरोपियों की शिनाख्त हुई है। पीड़िता के द्वारा जिनका नाम बताया गया है उनकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। गैंगरेप के मामले में पुलिस के द्वारा विशेष टीम बनाई गई और उनके द्वारा अच्छी कार्रवाई करते हुए दो दिनों के भीतर एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### पीड़ित परिवार की...

ओडिशा में मृत पाए जाने की जानकारी सामने आई है। पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना विष्णु देव साय सरकार की पहली प्राथमिकता में शामिल है। पुलिस अधीक्षक को पीड़ित के परिवारजन की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के संबंध में चर्चा कर तत्काल सुरक्षा मुहैया कराई गई। जिला प्रशासन के जरिए पीड़िता को चार लाख बारह हजार की सहायता राशि स्वीकृत कराई गई।

### महापौर का जाति...

है। कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दल के नेता इसे लेकर आगे की रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। नगर निगम का चुनाव होने में अभी लगभग 5 माह का समय है और इससे पहले प्रमाण पत्र निरस्त कर देने के बाद अब सवाल उठने लगा है कि इसके आधार पर महापौर श्री प्रसाद आगामी 5 महीने तक महापौर रह पाएंगे या नहीं? कांग्रेस यह रणनीति बनाने में जुटी हुई कि किस तरह महापौर की कुर्सी बचाई जाए, दूसरी ओर भाजपा अब पूरा जोर लगा रही है कि महापौर को कुर्सी से हटाया जाए और उनकी जगह भाजपा से ही महापौर मनोनीत किया जाए। नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों का बहुमत है।

वहीं भाजपा पार्षद अल्पमत में हैं, ऐसे में भाजपा पार्षदों में से किसी को महापौर मनोनीत करने में संवैधानिक पेंच आड़े आ सकता है। इसे लेकर राजनीतिज्ञ विशेषज्ञ रास्ता निकालने में जुटे हुए हैं। भाजपा किसी भी तरह कांग्रेस महापौर को हटाकर भाजपा का महापौर बनाना चाहती है। हालांकि नियम 2013 और अन्य सुसंगत प्रावधान के अनुसार कार्यवाही किए जाने के लिए कलेक्टर कोरबा व डीएसपी विजलेंस को प्राधिकृत किया गया है। सूत्रों की मानें तो अब इस मामले में प्रशासन महापौर श्री प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर सकता है या उन्हें पद छोड़ने का आदेश भी दे सकता है। देखना यह है कि अब इस मामले में आगे क्या कार्यवाही देखने को मिलती है।

## राशिफल

**मेष**: मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष**: आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन**: आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क**: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह**: मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या**: परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला**: आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक**: धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु**: वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर**: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ**: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन**: नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।


**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001 : 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur (C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address.csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (2nd call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

No.: 08/CSIDC/E.E.-4/Division-IV/2024-25/157898 Raipur, Dated 22/08/2024

Online tenders are invited in Form-B Item rate basis, from "A" class electrical license contractor registered in Class-D & Above in New Unified Registration System (E-Registration) website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works :-

| S. No. | Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time Allowed including rainy season | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc. (INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Operation, Repair/ Maintenance & Security of Street Lighting/ High Mast Lighting System at I/A Borai, Engineering Park Bhilai Distt. Durg & Periodical Repair/ Maintenance of Street Lighting at Industrial Area Harinchhapara Distt. Kabirdham (C.G.) | D & Above | 12 Months | 46.93 lacs | 35,200/- | 1770/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 22/08/2024 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
2) Tenderer may contact to E.E., Div-IV, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender

S -41219/3 **Executive Engineer, Division-IV**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जमशेदपुर**

पत्रांक : ..............................दिनांक : ..........................

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के ई– निविदा संख्या – **07/2024-25/RWD/EE/JSR** दिनांक **08.08.2024** का PR 332317 Road (24-25)#D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
जमशेदपुर

PR 333469 (Rural Development)24-25*D



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)**

**-: द्वितीय निविदा सूचना :-**

क्रमांक/2905 निर्वा./ लेखापाल / 2024 रायपुर, दिनांक 20.08.2024

कार्यालयीन निविदा सूचना क्रमांक 2715 दिनांक 15.07.2024 के माध्यम से मतदाता सूची मुद्रण किये जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई थी, जो अपरिहार्य कारण से निरस्त की गई, जिसके फलस्वरूप द्वितीय निविदा जारी की जा रही है, जिसके तहत जिला रायपुर के सभी 07 विधान सभा एवं विधानसभा 45 -बलौदाबाजार अन्तर्गत आने वाले रायपुर के तहसील तिल्दा के 110 मतदान केन्द्रो के मतदाता सूची का मुद्रण किये जाने हेतु दिनांक 04.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र इस कार्यालय के कक्ष क्रमांक 09 में कार्यालयीन दिवसों में (अवकाश के दिन को छोड़कर) रूपये 1000.00 जमा किया जाकर प्राप्त किया जा सकेगा। सील बंद निविदा प्रपत्र दिनांक 04.09.2024 को अपरांह 03.00 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकेगा। दिनांक 04.09.2024 को ही अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा हेतु गठित समिति द्वारा भारतीय रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष कलेक्टोरेट परिसर रायपुर मे निविदा खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी इस कार्यालय मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर,
एवं जिला निर्वाचन
अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

G-242501941/2



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम छ.ग.**

क्रमांक/ स्थापना अविज्ञप्त/ सीधी भर्ती/2024/5508 कबीरधाम दिनांक 21/08/2024

**// सूचना //**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला), ड्रेसर ग्रेड 01 एवं ड्रेसर ग्रेड 02 के दिनांक 01.09.2023 से दिनांक 08.09.2023 तक विभागीय ईमेल आई डी cmho12kabirdham@gmail.com के माध्यम से दावा आपत्ति मगाया गया था। इस अवधि में प्राप्त दावा आपत्ति का चयन समिति द्वारा परीक्षण उपरांत दावा आपत्ति का निराकरण कर निराकरण सूची जारी किया गया था ।

कार्यालीयन सूचना पत्र क्रमांक / स्था. अवि./ सीधी भर्ती /2024/4988 कबीरधाम दिनांक 29.07.2024 के तहत उक्त पदों की मेरिट सूची तथा संवर्ग वार सूची जारी किया गया था, कार्यालीयन सूचना पत्र क्रमांक/ स्था. अवि. /सीधी भर्ती / 2024/ 5095 कबीरधाम दिनांक 01.08.2024 के तहत उक्त संवर्गवार सूची के आधार पर **दिनांक 06 एवं 07 अगस्त 2024** को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया था।

**अतएव दस्तावेज सत्यापन उपरांत विभागीय चयन समिति का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभागीय चयन समिति द्वारा दस्तावेज सत्यापन का परीक्षण उपरांत अभ्यार्थियों के अवलोकन एवं दावा-आपत्ति हेतु दिनांक 21.08.2024 से 26.08.2024 तक समय 05:30 बजे शाम तक आई-डी** cmho12kabirdham@gmail.com **के माध्यम से मंगाया जाता है।**

जिसे के वेबसाईट http://kawardha.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर सूची का प्रकाशन किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कबीरधाम छ.ग.

G-242501967/1



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग , सुकमा वनमण्डल, सुकमा जिला- सुकमा (छ.ग.)**

**ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन- सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ नीलाम दिनांक 03/09/2024 समय प्रातः 10.00 बजे सुकमा काष्ठागार नीलाम हॉल में किया जावेगा।

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण करने के बाद ही बोली लगावें। नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रूपय, इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य हैं। **वर्ष 2024 का पंजीयन एवं फर्म का पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नम्बर की प्रति जमा करें।**

**सुकमा काष्ठागार में अनुमानित ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | नया काष्ठ की मात्रा | | | पुराना काष्ठ की मात्रा | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 70.694 | 28 | 166 | 164.065 | 134 | 196 | 234.759 | 162 | 362 |
| बीजा | 1.558 | 0 | 0 | 75.814 | 56 | 0 | 77.372 | 56 | 0 |
| साजा | 0.230 | 5 | 0 | 18.127 | 49 | 0 | 18.357 | 54 | 0 |
| साल | 0 | 0 | 0 | 8.192 | 0 | 0 | 8.192 | 0 | 0 |
| शिशम | 0 | 0 | 0 | 0.023 | 0 | 0 | 0.023 | 0 | 0 |
| शिवना | 0 | 0 | 0 | 0.967 | 3 | 0 | 0967 | 3 | 0 |
| हल्दू | 0 | 0 | 0 | 0.167 | 0 | 0 | 0.167 | 0 | 0 |
| अन्य | 0 | 0 | 0 | 45.106 | 95 | 0 | 45.106 | 95 | 0 |
| योग | 72.482 | 33 | 166 | 312.461 | 337 | 196 | 384.943 | 370 | 362 |

वनमण्डलाधिकारी
सुकमा वनमण्डल, सुकमा

G-242501946/3



**कार्यालय प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)**

**विज्ञप्ति**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हैण्डपंप तकनीशियन के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन बाबत सूचना (चतुर्थ कांउसिलिंग)**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हैण्डपंप तकनीशियन के रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन क्रमांक जी - 04512 / 5 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम मेरिट सूची के आधार पर चतुर्थ कांउसिलिंग में निम्न अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 13.09.2024 को किया जाना है। जो निम्नानुसार हैः-

| क्र | संवर्ग | रिक्त पद | अभ्यर्थी का रोल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित (भू.पू.सै.) | 05 | 16060397, 13110149, 13020184, 16010309, 16020027, 16130215, 16110218, 13140288, 16080073, 16050305, 16110229, 13020269, 16060374, 13260001, 16100007, 25090207, 13060105, 25100264, 13200032, 25030241, 16030398, 13200322, 25090111, 25040201, 13290178, 13210068, 16020696, 13070112, 25030046, 16070112, 13050108, 16010210, 16060392, 13170097, 16020409, 16100195, 16040245, 16070204, 16020662, 16130199, 16030114, 11020340, 16100206, 25010134, 17040427, 25070327, 11040207, 13140145, 13240004, 13230194, 16100248, 16010111, 13230224, 16010318, 25030412, 16050239, 16130323, 17040083, 13190020, 16030010, 25090092, 13130281, 13150258, 13040007, 16110084 |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग (भू.पू. सै.) | 03 | |
| 3 | अनुसूचित जाति (भू.पू.सै.) | 01 | 13120340, 11050200 |
| 4 | अनुसूचित जनजाति (भू.पू.सै.) | 06 | 13230050, 11020291, 17050476, 16040235, 13150004, 11050008, 13050093, 11060218, 11030086, 17010241, 17040237, 13250189, 11040447, 25010296, 17050399, 17020103, 16080005, 13130278, 17040295, 17050342, 17040039, 17030291, 17040468 |
| 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) | 03 | 25080001, 25040312, 13070089, 16040019, 25030157, 25010316, 25030331, 13090255, 13120378, 16080283, 13270121, 25030040 |
| 6 | अनुसूचित जनजाति (मुक्त) | 01 | 11060355, 17020089, 13140298, 17010410, 16020049 |
| 7 | अनुसूचित जाति (महिला) | 01 | 13010207, 13080246, 16050356, 25120262, 25140289 |
| 8 | अनुसूचित जनजाति (महिला) | 01 | 13090007, 11030540, 25020079, 11010023, 11020144 |
| | योग | 21 | |

**स्थान:-** मिटिंग हाल - 2, तृतीय तल (लॉबी), इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ. ग.) ।
**समय :-** 10:30 बजे सुबह से 4:00 बजे तक ।
**दूरभाष :-** 0771-2221656
**टीप :-** (1) कांउसिलिंग की निर्धारित तिथि को निर्धारित समय 10:30 तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा । (2) जारी विज्ञापन में विहित शैक्षणिक अर्हता "हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण या 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई. टी. आई.) से फीटर ट्रेड या मेकेनिकल ट्रेड या मोटर मेकेनिकल ट्रेड, ट्रेक्टर मेकेनिकल ट्रेड, ऑटोमोबाइल मेकेनिक ट्रेड तथा मशीनिष्ट ट्रेड का 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र उत्तीर्ण होना चाहिये। फीटर ट्रेड को प्राथमिकता दी जायेगी" है । उक्त विहित शैक्षणिक अर्हता से हटकर अन्य अर्हताधारी अभ्यर्थी क नाम पर कांउसिलिंग में विचार नहीं किया जावेगा । (3) भूतपूर्व सैनिक संवर्ग के अभ्यर्थियों के लिये भी विहित शैक्षणिक अर्हता उपरोक्तानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) से 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। उक्त विहित शैक्षणिक अर्हता से हटकर अन्य अर्हताधारी अभ्यर्थी के नाम पर कांउसिलिंग में विचार नहीं किया जावेगा । (4) अनारक्षित (भूपूसै) के रिक्त 05 पदों की पूर्ति उपरांत अपिव (भूपूसै) के रिक्त 03 पदों पर मेरिट अनुसार अपिव (भूपूसै) के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा । (5) दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति की जावेगी । नियुक्ति मेरिट के आधार पर संवर्गवार रिक्त पदों की उपलब्धता अनुसार नियमानुसार की जावेगी। (6)अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की अंकसूची, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, आई. टी. आई. ट्रेड का प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांगजन प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्रों के मूल दस्तावेज एवं दो सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित लाना अनिवार्य है । वांछित प्रमाण पत्रों के अभाव में कांउसिलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा । (7) कांउसिलिंग का विस्तृत विवरण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वेबसाइट http;//phed.cg.gov.in पर उपलब्ध है, जहाँ से अवलोकन किया जा सकता है। (8) कांउसिलिंग हेतु मेरिट के अनुसार उम्मीद्वारों को पृथक से पत्र उनके द्वारा व्यापम में उपलब्ध कराये गये उनके निवास के पते पर प्रेषित किये गये है । (9) कांउसिलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा । (10) हैण्डपंप तकनीशियन पद पर की जाने वाली नियुक्तियाँ माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस. एल.पी. (सी) क्रमांक 19668 / 2022 अंतिम आदेश के अध्याधीन रहेगी ।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर

G-242501961/1


## शब्द पहेली - 5610

**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

**शब्द पहेली -5609 का हल**

## सूडोकू नवताल 5621

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5620 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

MANGA_SENACHA, BANGALORE

हरिभूमि
बालभूमि
रायपुर, शुक्रवार
23 अगस्त 2024
05
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# हम भी बनेंगे कान्हा जैसे



जन्माष्टमी ऐसा पर्व है, जिसे हर उम्र के लोग बड़े उल्लास से मनाते हैं। बच्चों के मन में तो जन्माष्टमी को लेकर एक खास आकर्षण रहता है, क्योंकि उनके नटखट कान्हा का जन्मोत्सव होता है। टीवी के बाल कलाकार कान्हाजी के बारे में क्या जानते हैं, उन्हें अपने लिए कैसे प्रेरक मानते हैं। ये कलाकार जन्माष्टमी का पर्व कैसे मनाते हैं? इस बार जन्माष्टमी कैसे मनाएंगे, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

पर्व-उमंग

## इस बार कान्हा बनकर दही-हांडी खेलूंगा : कविश चौहान

**सन नियो** के शो 'छठी मैया की बिटिया' में शैशव की भूमिका निभा रहा कविश चौहान, श्रीकृष्ण का परम भक्त है। वह बताता है, 'मैंने अपनी दादी और नानी से कान्हाजी से जुड़ी बहुत-सी कहानियां सुनी हैं। उनकी मासूमियत, उनका नटखट स्वभाव हम सभी का दिल जीत लेता है। उनके चेहरे पर हमेशा एक प्यारी-सी मुस्कान रहती है। कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहकर, वे हर परेशानी का हल निकाल लेते थे। मैं चाहता हूं कि श्रीकृष्ण की तरह मैं भी अपनी हर मुश्किल को हिम्मत और समझदारी के साथ मुस्कुराते हुए हल करूं।' कविश की अबकी जन्माष्टमी पर क्या योजना है पूछने पर वह बताता है, 'इस बार हम अपने घर और घर के मंदिर को कान्हाजी के स्वागत में सजाएंगे। उनके झूले को मैं ही सजाऊंगा। अपने दोस्तों के साथ कान्हा बनकर दही-हांडी भी खेलूंगा।' जन्माष्टमी को लेकर अपनी खास मेमोरी शेयर करते कविश बताता है, 'मेरी सबसे प्यारी मेमोरी तब की है, जब मैंने पहली बार दही-हांडी में भाग लिया था। मैंने बहुत कोशिश की थी, लेकिन मटकी नहीं फूट पाई। लेकिन मेरी कोशिशों के लिए सबने मुझे काफी सराहा। इससे मुझे यह समझ आया कि चाहे सफलता मिले या ना मिले, कोशिश जरूर करनी चाहिए। इससे कुछ कर दिखाने की ताकत मिलती है। आगे कभी कुछ कर दिखाने की सीख मिलती है।' *





जन्माष्टमी विशेष

## मैं भी श्रीकृष्ण की तरह सबकी मदद करना चाहूंगा : शौर्य विजयवर्गीय

**जी टीवी** के शो 'प्यार का पहला नाम : राधा मोहन' में मनन की भूमिका शौर्य विजयवर्गीय निभा रहा है। वह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर काफी उत्साहित है। शौर्य बताता है, 'कृष्णा मेरे बहुत ही प्रिय भगवान हैं। वह बचपन में बहुत नटखट थे। माखन खाते थे, खूब मस्ती करते थे लेकिन कभी किसी को दुखी नहीं करते थे। वह सबकी मदद करते थे। मैं भी श्रीकृष्ण की तरह सबकी मदद करना चाहूंगा।' शौर्य इस बार जन्माष्टमी कैसे मनाएगा, पूछने पर बताता है, 'जन्माष्टमी पर हम श्रीकृष्ण भगवान को नए वस्त्र पहनाएंगे, अपने घर के मंदिर को फूलों से सजाएंगे। श्रीकृष्णा की आरती उतारेंगे, उन्हें माखन-मिश्री का भोग लगाएंगे। और हां, रात को हम दही-मटकी भी फोड़ेंगे। सच, कितना मजा आएगा! मैं तो अभी से यह सोचकर रोमांचित हो रहा हूं।' *



## वे हमें हर परिस्थिति में मुस्कुराना सिखाते हैं : रिशान वर्मा

**सोनी सब** पर प्रसारित हो रहे शो 'बादल पे पांव हैं' में रिंकू खन्ना का किरदार निभा रहा रिशान वर्मा, श्रीकृष्ण के बारे में बड़ी श्रद्धा से बताता है, 'बचपन से ही कृष्ण इतने मोहक, आकर्षक थे कि सभी उनकी ओर खिंचे चले आते थे। उनकी मुस्कान, उनकी खूबसूरती को और भी आलौकिक बना देती है। युद्ध का माहौल हो या फिर कोई कठिन और बहुत गंभीर परिस्थिति हो, श्रीकृष्ण हमेशा मुस्कुराते रहते थे। हमें उनसे हर परिस्थिति में मुस्कुराने की सीख लेनी चाहिए।' इस बार जन्माष्टमी को रिशान क्या करने वाला है, पूछने पर बताता है, 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हम भगवान की पूजा करेंगे और उनके प्रिय पकवानों, जैसे-गाय के दूध से बनी खीर, माखन, पंचामृत, मिठाई आदि का भोग लगाएंगे। उनके भजन गाएंगे।' जन्माष्टमी की अपनी सबसे यादगार मेमोरी भी रिशान शेयर करते हुए बताता है, 'एक बार जन्माष्टमी के अवसर पर मैं अपने परिवार के साथ वृंदावन गया था। वहां जन्माष्टमी की रौनक दो-तीन दिन पहले से ही नजर आने लगती है। मंदिर फूलों से सजते हैं। पूरा वृंदावन मिठाइयों की खुशबू से महक उठता है। जन्माष्टमी पर वृंदावन का बहुत ही मनमोहक नजारा होता है। वह मेरी अब तक की सबसे यादगार जन्माष्टमी रही है।' *



## नेक इंसान बनने की प्रेरणा मिलती है : तेजस्विनी सिंह

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भीमा' में नन्ही तेजस्विनी सिंह भीमा की भूमिका में दर्शकों को काफी प्रभावित कर रही है। जन्माष्टमी की बात होती है तो वह कहती है, 'जन्माष्टमी के दिन हम बहुत धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाते हैं। श्रीकृष्ण जिन्हें हम कान्हा भी कहते हैं, उन्होंने हमेशा अपनी लीलाओं से सबको प्रसन्न रखा, कभी किसी को दुःखी नहीं करते थे। वे हमेशा सच्चाई और अच्छाई के पक्ष में रहते थे। भगवान कृष्ण के ये गुण हमें एक नेक इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं।' जन्माष्टमी से जुड़ी अपनी एक खास याद साझा करते हुए तेजस्विनी बताती है, 'पिछले साल जन्माष्टमी पर हम भाई-बहनों ने अपने मम्मी-पापा को मनाकर छत पर एक छोटा-सा दही हांडी सेट-अप करवाया था। एक-एक करके हम सबने मटकी फोड़ी। हमने मोबाइल में टाइमर भी लगाया था कि कौन सबसे कम समय में मटकी फोड़ता है। हमने आठ-दस मटकियां फोड़ीं। खूब मजा आया था।' तेजस्विनी इस बार भी जन्माष्टमी पर अपनी प्लानिंग बताती है, 'मैं अपने दोस्तों के साथ इस साल भी दही-हांडी का खेल खेलूंगी। साथ ही मैं राधा के रूप में ड्रेसअप होकर अपने घर में ही एक छोटा-सा नृत्य भी प्रस्तुत करना चाहती हूं।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि डेस्क

## जीके क्विज- 117



1. पेरिस ओलंपिक-2024 में भारत को कुल कितने मेडल्स मिले?
2. किस भारतीय महिला रेसलर को ओवरवेट होने के कारण पेरिस ओलंपिक में डिसक्वालिफाई कर दिया गया?
3. जेवलिन थ्रो इवेंट में नीरज चोपड़ा को कौन-सा मेडल मिला?
4. 70 वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स समारोह में बेस्ट एक्टर का अवार्ड किसे मिला है?
5. पुडुचेरी के नए उप राज्यपाल कौन बने हैं?
6. सुभाष चंद्र बोस को 'नेताजी' कहकर सबसे पहले किसने संबोधित किया था?
7. सूर्य में सर्वाधिक कौन-सी गैस पाई जाती है?
8. हमारे राष्ट्रीय ध्वज के मध्य में बने अशोक चक्र में कितनी तिलियां होती हैं?
9. प्रसिद्ध ग्रंथ 'आनंदमठ' के लेखक का क्या नाम है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?

बच्चो, जीके क्विज-117 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-116 का उत्तर :** 1. 78 वां, 2. रानी लक्ष्मीबाई, 3. महात्मा गांधी, 4. कैप्टन मोहन सिंह, 5. भगत सिंह, 6. महात्मा गांधी, 7. सी. राजगोपालाचारी, 8. वल्लभ भाई पटेल, 9. क्लीमेंट एटली, 10. स्वप्निल कुसाले

**जीके क्विज-116 का सही उत्तर देने वाले :** भूपेश-छत्तीसगढ़, कल्याणी-मुंगेली, चेतन-धमतरी, कबीर-हिसार, जिनेश-ईमेल से, चुनेंद्र-राजिम, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, चेतन-बालोद, पृथ्वीराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले



**गप्पू :** आज मैंने स्कूल में ब्लैक-बोर्ड पर सांप बनाया।
**पप्पू :** तुम्हें डर नहीं लगा? कहीं वो काट लेता तो?
**गप्पू :** अरे, काटता कैसे? मैंने उसके दांत ही नहीं बनाए।
-आर्यन, रोहतक

**चिंटू :** मोटरसाइकिल में कितने पहिए होते हैं?
**मिंटू :** छह पहिए।
**चिंटू :** अरे, ये क्या कह रहे हो तुम?
**मिंटू (हंसते हुए) :** हां, चार मोटर के और दो साइकिल के, हुए न छह पहिए।
-चिराग, कोरबा


**पापा :** बेटा, अगर तुम कुछ भी पूरे दिल से चाहो, तो वो जरूर मिलता है।
**टीना :** आज मैं पूरे दिल से चाह रही थी कि आप ऑफिस से लौटते वक्त मेरे लिए चॉकलेट्स लेकर आएंगे। क्या आप लाए हैं?
-भावना, रायपुर

कहानी

सरस्वती रमेश

# जीवन की परीक्षा

बारिश में भीग रही एक बूढ़ी मां की मदद करने की वजह से दीपू स्कूल समय से नहीं पहुंच सका, इसलिए उसका मैथ्स का मंथली टेस्ट छूट गया। अगले दिन जब दीपू स्कूल पहुंचा, उसे टीचर ने जिस तरह शाबाशी दी, उसे लगा उसने जीवन की एक बड़ी परीक्षा पास की है। ऐसी परीक्षा में हर किसी को पास होना चाहिए।



बारिश का मौसम भी शुरू हो चुका था। कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होती। दीपू का स्कूल उसके घर से वॉकिंग डिस्टेंस पर था। वह रोज पैदल ही स्कूल जाता था। स्कूल के रास्ते में खूब हरे-भरे पेड़-पौधे दिखते। उसे बहुत अच्छा लगता था।

एक दिन दीपू स्कूल के लिए निकला तो बारिश होने लगी। वह छतरी खोलकर स्कूल की ओर बढ़ गया। उस दिन स्कूल में उसका मैथ्स का मंथली टेस्ट था। मैथ्स दीपू का फेवरेट सब्जेक्ट है। हर बार उसे क्लास में सबसे ज्यादा मार्क्स मिलते हैं। टीचर उसे खूब शाबाशी देती हैं। क्लास के बच्चे भी दीपू के लिए क्लैपिंग करते हैं।

'इस बार भी टेस्ट में अच्छा परफॉर्म करूंगा तो फिर से मुझे सबसे ज्यादा मार्क्स मिलेंगे।' रास्ते में यही सोचता हुआ दीपू जा रहा था। तभी उसकी नजर एक बूढ़ी मां पर पड़ी। वो बारिश में भीगती हुई जा रही थीं। उनके हाथ में एक बड़ा-सा थैला था, जिसे वह मुश्किल से उठा पा रही थीं। दीपू छतरी लगाए उनके पास पहुंचा ही था कि वह बूढ़ी मां बोलीं, 'बेटा, क्या तुम मुझे मेरे घर तक छोड़ दोगे? यह थैला बहुत भारी है, मैं बारिश में बुरी तरह भीग भी गई हूं।'

दीपू ने तुरंत बूढ़ी मां से पूछा, 'कहां है आपका घर?' 'पुष्प वाटिका के पास, अहिंसा मार्ग पर।' उन्होंने बताया।

'अच्छा, यह थैला आप मुझे पकड़ा दीजिए और मेरी छतरी के नीचे आ जाइए।' दीपू ने अपना छतरी वाला हाथ बूढ़ी मां की तरफ बढ़ा दिया। वह दीपू की छतरी के नीचे आ गईं। दोनों अहिंसा मार्ग की ओर चल पड़े। हालांकि अहिंसा मार्ग ज्यादा दूर नहीं था, लेकिन बूढ़ी मां बहुत धीरे-धीरे चल रही थीं, ऊपर से बारिश भी हो रही थी। इस कारण देर हो रही थी। 'तुम्हारा नाम क्या है बेटा?' चलते-चलते बूढ़ी मां ने पूछा। 'दीपू ...! ' उसने बताया।

'अच्छा, तुम किस स्कूल में पढ़ते हो?' बूढ़ी मां ने अगला सवाल किया। 'विद्या भारती।' दीपू ने बताया। 'अच्छा, तो तुम विद्या भारती में पढ़ते हो!' बूढ़ी मां कुछ सोचते हुए बोलीं।

थोड़ी देर बाद अहिंसा मार्ग आ गया। बूढ़ी मां को उनके घर पहुंचा कर दीपू तेजी से स्कूल की तरफ दौड़ा। उसे काफी देर हो चुकी थी। दीपू को मन ही मन देर से पहुंचने पर स्कूल गेट बंद होने और अपना टेस्ट छूट जाने की चिंता हो रही थी। इसी चिंता में स्कूल की ओर भागने में उसका पैर एक गड्ढे में पड़ गया। गड्ढा बारिश के पानी से भरा हुआ था। वह छपाक से उसमें गिर पड़ा। उसकी छतरी दूर जाकर गिरी। पूरी ड्रेस कीचड़ से गंदी हो गई। जूते-मोजे गीले हो गए। इस हालत में अब स्कूल जाना संभव ना था। वह वापस घर लौट आया।

दीपू को इस हालत में देखकर मम्मी घबरा गईं, 'यह क्या हुआ बेटा? कीचड़ में कैसे सन गए! लगता है कहीं गिर गए थे?'

दीपू ने मम्मी को पूरी बताई। उसे टेस्ट ना दे पाने के कारण दुःख हो रहा था। वह रुआंसा होकर बोला, 'मम्मी, मेरा टेस्ट छूट गया।'

मम्मी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरकर बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा, तुमने किसी की मदद करके एक बहुत अच्छा काम किया है। तुम टेस्ट छूटने की ज्यादा चिंता मत करो। अगला टेस्ट अच्छे से देना।'

मम्मी की बात सुनकर दीपू का मन थोड़ा हल्का हो गया। अगले दिन जब दीपू अपनी क्लास में पहुंचा तो सारे बच्चे खड़े होकर क्लैपिंग करने लगे। दीपू को समझ में नहीं आया कि उसके आते ही सभी ताली क्यों बजा रहे हैं? वह तो कल मैथ्स का टेस्ट भी नहीं दे पाया था।

तभी निकिता मैम ने उसे अपने पास बुलाया और बोलीं, 'दीपू तुम स्कूल के एग्जाम में तो हमेशा फर्स्ट आते हो। जीवन के एग्जाम में भी तुमने टॉप किया है।' दीपू चौंका, वह मैम की बात समझ नहीं पाया। तभी मैम बोलीं, 'कल स्कूल आते वक्त तुमने बारिश में एक बूढ़ी मां को उनके घर पहुंचाया था ना!'

'यस मैम! उनको पहुंचाने में ही देर हो गई थी, इसलिए मैं मैथ्स का टेस्ट भी नहीं दे पाया।' दीपू ने बताया।

'तुमने जिस बूढ़ी मां को उनके घर पहुंचाकर, मदद की थी, वो मेरी मम्मी हैं। उन्होंने मुझे सब बता दिया है। बेटा, ईश्वर हमारी समय-समय पर परीक्षा लेता है कि हम एक नेक इंसान हैं या नहीं? तुमने एक बूढ़ी मां की मदद की, अपनी इंसानियत का परिचय दिया। ईश्वर की ली गई इस जीवन परीक्षा में तुम पास हुए, यह एक बड़ी बात है।' मैम ने दीपू की पीठ थपथपाई। वह यह भी बोलीं, 'चिंता मत करो, मैं प्रिंसिपल मैम से परमिशन लेकर तुम्हारा मैथ्स का टेस्ट अलग से लूंगी।'

दीपू भी मैम की बात सुनकर बहुत खुश हुआ। उसे भी लग रहा था कि वह सचमुच जीवन की परीक्षा में पास हुआ है। सभी को इस तरह की परीक्षा में पास होना चाहिए, एक नेक इंसान बनना चाहिए। *

कविता

डॉ. शकुंतला कालरा



## संग का रंग

काले-काले मेघा बरसें,
भर-भर लाएं पानी रे।
खिल-खिल जाती धरती रानी,
झूम उठे दीवानी रे।
झर-झर, झर-झर देती बूंदें,
बादल वाली गागर रे।
बूंद-बूंद नदिया में जाती,
कुछ ले लेता सागर रे।
बूंदें गिरती जो सागर में,
बन जाती जल खारा रे।
जो नदिया में आकर मिलती,
बनती मीठी धारा रे।
जब-जब जैसा संग मिला है,
रूप वही बस धारा रे।
....सीपी के मुख जब-जब जातीं,
बनती मोती प्यारा रे।
अजब निराला रंग संग का,
कोई ना बच पाए रे।
पारस को छूते ही लोहा,
भी सोना हो जाए रे।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1. आसमान में सूरज चमक रहा है। 2. बीच में रखा फुटबॉल गायब है। 3. सबसे आगे दौड़ रहे बच्चे ने कैप पहनी है। 4.इसी बच्चे का बायां हाथ नीचे है। 5.पीछे दौड़ रहे बच्चे की टी-शर्ट पर क्लॉक का चित्र बना हुआ है। 6.डॉगी के दांत नहीं दिख रहे हैं। 7.सबसे आगे एक छोटा पपी भी दौड़ रहा है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, इस चित्र में कई सारे डॉग्स दिखाई दे रहे हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 14

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां हाथ में कई बैग्स पकड़े एक बच्ची का चित्र दिया गया है। उसके बगल में कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। चित्र को गौर से देखो और बताओ कि बच्ची की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर : b

**खबर संक्षेप**

## जुलाई में रत्न और आभूषण निर्यात 23.28 फीसदी घटा



**मुंबई।** रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा है कि वैश्विक अशांति के बाद उपभोक्ता मांग में कमी के कारण जुलाई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात में सालाना आधार पर 23.28 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इस दौरान निर्यात का आंकड़ा घटकर 166.54 करोड़ डॉलर पर आ गया।

## कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिला जीएसटी विभाग से कर नोटिस

**नई दिल्ली।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को जीएसटी प्राधिकरण से कर नोटिस मिला है। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट के अधिक दावे के आधार पर कर और जुर्माने का भुगतान करने की मांग की है।

## लिवप्योर ने एमएंडजी से जुटाए 233 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** एयर कूलर, वाटर प्यूरिफायर जैसे उत्पाद बनाने वाली लिवप्योर ने एमएंडजी इन्वेस्टमेंट्स और एनक्यूबेट कैपिटल पार्टनर्स से 233 करोड़ रुपये का वित्त पोषण हासिल किया है। बयान में कहा कि कुल निवेश में से 208 करोड़ रुपये एमएंडजी इन्वेस्टमेंट्स और 25 करोड़ रुपये एनक्यूबेट कैपिटल पार्टनर्स से जुटाये हैं। इस पूंजी निवेश से कंपनी अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए पेशकशों में विविधता लाएगी।

### भारतीय अर्थव्यवस्था पर वित्त मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

# देश की आर्थिक गति बरकरार, 6.5 से 7 प्रतिशत वृद्धि हासिल करने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनियमित मानसून के बावजूद भारत की आर्थिक गति बरकरार है और आर्थिक समीक्षा में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है। वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

जुलाई की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में अपनी गति बनाए रखी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार (अप्रैल-जुलाई) महीनों में वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह कर आधार के विस्तार तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के दम पर मुमकिन हुआ।

### नए निर्यात ऑर्डर में तेजी

रिपोर्ट में कहा गया, "विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के मजबूत प्रदर्शन से भी घरेलू गतिविधियों में मजबूती का पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का कारण मांग का बढ़ना, नए निर्यात ऑर्डर में तेजी तथा उत्पादन कीमतों का बढ़ना है।

**अनियमित मानसून के बावजूद आर्थिक गति बरकरार**

*विनिर्माण और सेवा क्षेत्र बढ़ रहा : इससे आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी। "कुल मिलाकर भारत की आर्थिक गति बरकरार है। कुछ हद तक अनियमित मानसून के बावजूद जलाशयों में जलस्तर की भरपाई हो गई है। क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के अनुसार विनिर्माण और सेवा क्षेत्र बढ़ रहा है।"*




- जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है
- वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों में अपनी गति बनाए रखी

### राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त

राजकोषीय मोर्चे पर इसमें कहा गया कि बजट वित्त वर्ष 2024-25 ने राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त किया है। मजबूत राजस्व संग्रह, राजस्व व्यय में अनुशासन तथा मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के समर्थन से राजकोषीय घाटे में कमी आने का अनुमान है। साथ ही, इसमें कहा गया कि पूंजीगत व्यय को उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है, जिससे नए निजी निवेश चक्र को समर्थन मिल रहा है।

### रबी फसल उत्पादन के अच्छे संकेत

रिपोर्ट में कहा गया, खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2024 में घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। यह खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी का नतीजा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून में स्थिर प्रगति ने खरीफ की बुवाई का समर्थन किया है। इसमें कहा गया है कि जलाशयों में जल स्तर का फिर से बढ़ना मौजूदा खरीफ तथा आगामी रबी फसल के उत्पादन के लिए अच्छा संकेत है।

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहा

इसमें कहा गया कि कर संग्रह, खासकर अप्रत्यक्ष कर (जो लेन-देन को दर्शाते हैं) अच्छी तरह बढ़ रहे हैं, तथा बैंक ऋण भी बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, " मुद्रास्फीति कम हो रही है और वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है। शेयर बाजार अपने स्तर पर बने हुए हैं। सकल प्रवाह बढ़ने के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ रहा है।"

### जीडीपी अनुमान सही उतर सकता है

इसमें कहा गया, फिलहाल 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5-7.0 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान उचित जान पड़ता है।

# दूध, दही से 'ए-वन', 'ए-टू' दावों को हटाने का आदेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- खाद्य सुरक्षा नियामक ने जारी किया निर्देश
- नियामक ने लेबल को भ्रामक बताया

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को ई-कॉमर्स सहित खाद्य कंपनियों को पैकेट से 'ए-वन' और 'ए-टू' प्रकार के दूध और दूध उत्पादों के दावों को हटाने का निर्देश दिया। नियामक ने इस तरह के 'लेबल' को भ्रामक बताया है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानकप्राधिकरण ने कहा कि ये दावे खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुरूप नहीं हैं। अपने ताजा आदेश में, एफएसएसएआई ने कहा कि उसने इस मुद्दे की जांच की है और पाया है कि ए-वन और ए-टू का अंतर दूध में बीटा-केसीन प्रोटीन की संरचना से जुड़ा हुआ है। मौजूदा एफएसएसएआई नियम इस अंतर को मान्यता नहीं देते हैं। खाद्य व्यवसाय परिचालकों का जिक्र करते हुए नियामक ने कहा, "एफबीओ को अपने उत्पादों से ऐसे दावों को हटाने का निर्देश दिया गया है।" ई-कॉमर्स मंच को भी उत्पादों और वेबसाइट से इन दावों को तुरंत हटाने के लिए कहा गया। कंपनियों को पहले से मुद्रित लेबल समाप्त करने के लिए छह महीने का समय दिया गया है, इसके अलावा कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा। ए-1 और ए-2 दूध में बीटा-कैसीन प्रोटीन की संरचना अलग-अलग होती है, जो गाय की नस्ल के आधार पर अलग-अलग होती है। नियामक ने इस निर्देश का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया। आदेश का स्वागत करते हुए पराग मिल्क फूड्स के चेयरमैन देवेंद्र शाह ने कहा कि एफएसएसएआई का आदेश सही दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने एक बयान में कहा, "ए-1 और ए-2 विपणन मकसद से विकसित की गई श्रेणी है। ...यह जरूरी है कि हम भ्रामक दावों को खत्म करें जो उपभोक्ताओं को गलत जानकारी दे सकते हैं।"

### श्रेणी कभी अस्तित्व में नहीं रही

शाह ने कहा कि ए-1 या ए-2 दूध उत्पाद श्रेणी कभी अस्तित्व में नहीं थी और वैश्विक स्तर पर भी यह प्रवृत्ति खत्म हो रही है और उन्होंने कहा कि एफएसएसएआई का स्पष्टीकरण इस व्यापक समझ का समर्थन करता है।

- सरकार ने 2015 में एसजीबी लांच की थी ताकि सोने का आयात कम हो

# केंद्र सरकार जल्द सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम बंद करने का कर सकती है ऐलान

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर आप भविष्य में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) में निवेश करने की तैयारी में है तो बड़ा झटका लग सकता है। निवेश के लिए महंगे और जटिल इंस्ट्रूमेंट होने की वजह से सरकार अब आगे सॉवरेन गोल्ड बांड जारी नहीं रख सकती है। सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बात सामने नहीं आई है। पेपर गोल्ड के तौर पर सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को सरकार ने साल 2015 में लॉन्च किया था। उस दौरान विदेशों से भारत में सोने का आयात तेजी से बढ़ रहा था।

### सेकेंडरी मार्केट में डिमांड

इस स्कीम के बंद किए जान के औपचारिक एलान से पहले ही कयासों का दौर चल चुका है और बाजार लगभग इस फैसले के लिए तैयार




दिख रहा है। सेकेंडरी मार्केट्स में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की डिमांड में तेजी दिखी है। 14 अगस्त तक सरकार की ओर से तय रेफरेंस प्वॉइंट के मुकाबले 8 प्रतिशत ज्यादा तक इसे चुकाने के लिए तैयार थे।

### सेकेंडरी बाजार में सूचीबद्ध

बताते चलें कि सभी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सेकेंडरी मार्केट में लिस्टेड हैं और कैश सेगमेंट में ट्रेडिंग के लिए यह बीएसई और एनएसई पर उपलब्ध हैं। हालांकि, स्टॉक एक्सचेंज के जरिए सेकेंडरी मार्केट से एसजीबी की ट्रेडिंग करने पर कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है।

### कुल 67 ट्रांच जारी, 4 मैच्योर हुए

भारत सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को मैनेज करता है। इस स्कीम के लॉन्च होने से अब तक कुल 67 ट्रांच में निवेशकों ने 72,274 करोड़ रुपए निवेश किए हैं। इनमें से 4 ट्रांच पूरी तरह से मैच्योर भी हो चुके हैं।

### कम मूल्य पर सोना खरीदने का विकल्प

एसजीबी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारत सरकार की ओर से जारी किए जाने वाली स्कीम है, जो बाजार से कम मूल्य पर सोना खरीदने का विकल्प देती है और 8 साल की मैच्योरिटी पूरी होने के बाद गोल्ड मार्केट के आधार पर रिटर्न प्रोवाइड कराती है। साथ ही 2.5 फीसदी का फिक्स रिटर्न भी देती है।

## इंडिगो आईटीसी से संबंधित जुर्माने को देगी चुनौती

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित उसपर कुल 3,50,299 रुपये का जुर्माना लगाने वाले दो आदेशों को चुनौती देगी। कंपनी पर ओडिशा में जीएसटी के मामले में 1,77,046 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। 2017-18 के लिए टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने के कारण मांग को बरकरार रखा है।

## वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख से सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा

**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच जिंस, दूरसंचार और उपभोक्ता शेयरों में खरीदारी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बढ़त जारी रही और सेंसेक्स 81,000 के स्तर पर जबकि निफ्टी 24,800 से ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 147.89 अंक बढ़कर 81,053.19 पर बंद हुआ।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.MSM-CTS-SBPY-9-24

**कार्य का नाम:** दो वर्षों की समयावधि हेतु सम्बलपुर सिटी स्टेशन में "क्लिन ट्रेन स्टेशन" स्कीम के अधीन ठहराव के दौरान मार्ग में ट्रेनों की यन्त्रीकृत (मैकेनाइज्ड) सफाई एवं पानी भरना।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 3,69,26,369.20, EMD (रुपये में): 3,34,600/-, निविदा दस्तावेज की लागत(रुपये में): 11,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05.09.2024 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सम्बलपुर

PR-447/P/24-25

**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला–खरसावाँ।**
**–: ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना :**

ई– पुनर्निविदा संख्या :– 14/2024-25/EE/RWD/SRK — दिनांक 21.08.2024

1.कार्य का नाम

| क्र. सं. | ID No. / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ SERAIKELA-KHARSAWAN/ST PKG-01/ 2023-24 | नीमडीह | जामडीह रेलवे क्रोसिंग से सिरका तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 2.75 कि0मी0) | 1367.109 | तेरह करोड़ सड़सठ लाख दस हजार नौ सौ मात्र। | 12 माह | 4th Call |
| | | नीमडीह | बान्दु से पड़कीडीह पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 0.860 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | हुडरू पाथरडीह पी0डब्ल्यू0डी0 रोड़ से लाकड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 6.26 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | हेंसालोंग से उड़िया तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 2.65 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | रामनगर बान्दु रोड़ से पुरियारा मोड़ पी0डब्ल्यू0डी0 रोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 2.455 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | एन0एच–32 बारेदा रोड़ से माकुला तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 3.950 कि0मी0) | | | | |
| | | नीमडीह | पितकी रेलवे गेट से कुशपुतुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण। (लम्बाई– 5.37 कि0मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.09.2024 को अपराह्न 03:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला –खरसावाँ।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 7209661815

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtender.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
सरायकेला–खरसावाँ।

PR 333448 Rural Work Department(24-25)D

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक :** सीपीएम / ईल/बीसप/र-लअई/24-25/06, डेटेड 10.08.2024 (खुली निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)

**कार्य:** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर मंडल रायपुर से लाखोली खंड मे मौजूद ओ एच ई सिस्टम की 2x25 के वी ए टी फीडर सिस्टम मे अप ग्रेडेशन का कार्य

**निविदा मूल्य :** रु. 23,33,55,631/- **अमानत राशि :** रु.13,16,800/- **निविदा दस्तावेज की लागत :** रु.00.00/- **कार्य पूरा होने की अवधि :** स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से 12 (बारह) महिना **(1) निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक :** 03.09.24 को 15:00 बजे तक। **(2) निविदा खोलने का समय एवं दिनांक :** 03.09.24 को 15:30

विस्तृत जानकारी /निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर पिन : 495004 कार्यालय मे संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर / देख सकते है।

कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)
सीपीआर/10/AM/195 द.पू.म. रेल्वे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) CIN:U40108CT2003SGC15822

मुख्य अभियंता (सिविल–डिस्ट्रीब्यूशन) सी.–1, सी.–2, पावर कंपनी परिसर, डंगनिया, रायपुर फोन. नं.: 07171–2574626, CECIVIL.CSPDCL@CSPC.CO.IN

क्रमांक/04–03/वितरण/कार्य/1129 — रायपुर, दिनांक 08.08.2024

**ई–निविदा सूचना**

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | निविदा विशेषीकरण क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत जीएसटी सहित (रूपए लाख में) | निविदा प्रपत्र की राशि जीएसटी सहित | अमानत राशि | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | Contractor's eligibility |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/D/W/ 24-25/30 | Construction of zone office building at Rajnandgaon west zone under O&M Division Rajnandgaon (C.G.). | 68.34 Lacs | Rs.5000.00 | Rs.68400.00 | 12.09.2024 Up to 13:00 Hrs. | 12.09.2024 13:15 Hrs. onwards | A -IV and above as per eligibility Criteria |

.1. उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.Cspdcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। 2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता (सिविल–डिस्ट्रीब्यूशन)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर

राष्ट्र हित में उर्जा बचाये

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
**अर्श–राहत**
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली **केंदवा मलहम**
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

**कार्यालय जिला पंचायत धमतरी (छ.ग.)**
ई-मेल आईडी zp-dhamtari.cg@nic.in एवं दूरभाष क्रमांक 07722-232501

पृ. क्रमांक/3879/जि.पं./प्र.यो.जि.स्तर/2024-25 — धमतरी, दिनांक 29.08.2024

**// तृतीय निविदा आमंत्रण //**

जिला पंचायत धमतरी (छ.ग.) द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु वाहन किराये में उपलब्ध कराने के लिये इच्छुक फर्म/ व्यक्ति से निविदा शर्तो के अधीन अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन अवधि में मुहरबंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी पूर्ण जानकारी एवं निविदा प्रपत्र राशि रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) के राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट/ नगद (Not Refundable) जमा कर अंकित तिथि तक प्राप्त किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र बिक्री आरंभ तिथि | - दिनांक 23/08/2024 से |
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | - दिनांक 29/08/2024 तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - दिनांक 02/09/2024 कार्यालयीन समय तक |
| निविदा खोलने की तिथि | - दिनाक 03/09/ 2024 समय दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा खोलने का स्थान | - कार्यालय जिला पंचायत धमतरी (छ.ग.) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत-धमतरी

S-41215/1

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है:

1. **Regarding repairing and construction work of parapet wall of the balconies of Malhar Hostel at NIT campus Raipur.**
   **Enquiry no.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2024/0218 Raipur, Dated: 20-08-2024 (first call).**
2. **Regarding painting, granite installation, tiling and other civil maintenance works in institute quarters E-14 and E-16 at NIT campus Raipur**
   **Enquiry no.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2024/0220 Raipur, Dated: 21-08-2024 (first call).**

जो की ई–निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.in/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 10/09/2024 18:00 बजे तक व निविदा खुलने की तिथि 12/09/2024 16:00 बजे।

फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.in/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही–
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी. रायपुर

ASA

हरिभूमि
**HEALTH CARE**
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
**सिंघानिया स्किन केयर**
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

**मोतियाबिंद**
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
**डॉ. जाऊलकर**
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
**प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक**
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

**अग्रवाल हॉस्पिटल**
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
**डायबिटिक क्लीनिक**
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

**अष्टविनायक हॉस्पिटल**
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
**डॉ. रितेश रंजन**
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

**वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर**
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
**डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक**
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# भारत के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार और टी20 में चैंपियन बनने में किस्मत अहम फैक्टर : द्रविड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ मानते हैं कि कभी कभी थोड़ी सी किस्मत भी बड़े मैच के नतीजों को प्रभावित कर सकती है। इसके लिए उन्होंने वनडे विश्व कप फाइनल में भारत को आस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार और अपनी टीम की टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार जीत का उदाहरण दिया। भारत पिछले साल लगातार 10 मैच में जीत के बाद वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचा था। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम जब खिताबी मुकाबले में आस्ट्रेलिया से भिड़ी तो उसके लिए कुछ भी कारगर नहीं रहा। छह महीने बाद कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ ने मिलकर अधूरी कसर पूरी की। टी20 विश्व कप फाइनल में मजबूत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किस्मत ने भारतीय टीम का साथ दिया। द्रविड़ को 'सीएट क्रिकेट रेटिंग अवाड्र्स' के दौरान 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## 'सीएट क्रिकेट रेटिंग अवाड्र्स' में मिला 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' अवार्ड



### संयम से मिली ट्रॉफी

द्रविड़ ने कहा, 'मुझे इस पर विचार करने का समय मिला। मुझे उन बहुत सी चीजों को सोचने का समय मिला जो हमने की। आपको कभी कभी अहसास होता है कि आपको इनमें से बहुत सी चीजें करनी होती हैं, आपको प्रक्रिया का पालन करना होता है, आपको सब कुछ सही करना होता है। कभी कभी आपको थोड़े भाग्य की जरूरत होती है। टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 गेंद फेंकी जानी थी और 30 रन बनाने थे। तब रोहित के बेहतरीन तरीके से रणनीति के कार्यान्वयन और संयम रखने की बात थी।'

### कैच से मिली टी20 ट्रॉफी

पूर्व भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने डेविड मिलर को आउट करने के लिए सूर्यकुमार यादव के सीमा रेखा पर लपके हुए कैच का जिक्र किए बिना कहा, 'हमने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि हमें क्या करना है, लेकिन हमें एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो एक निश्चित सीमा के अंदर ऐसा कर सके।' इस कैच ने मैच का पक्ष भारत की ओर कर दिया था। द्रविड़ ने फिर याद किया कि भारत वनडे विश्व कप फाइनल में ट्रेविस हेड को आउट करने के करीब था लेकिन यह सलामी बल्लेबाज भाग्यशाली रहा और उसने मैच विजेता शतकीय पारी खेली तथा भारत की उम्मीदों को तोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'कभी चीजें आपके अनुकूल हो सकती हैं, लेकिन आपको प्रक्रिया पर टिके रहना चाहिए।'



### भारत की बेंच स्ट्रेंथ को सराहा

भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद द्रविड़ ने भारत के कोच के रूप में संन्यास ले लिया। भारत की 'बेंच स्ट्रेंथ' और लगातार शानदार खिलाड़ी तैयार करने की काबिलियत की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी ने 'फैब फाइव' की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। द्रविड़ खुद सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग और वीवीएस लक्ष्मण के साथ 'फैब फाइव' का हिस्सा थे जिसने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को अपना मुरीद बनाया हुआ था।

### भारत नंबर 1 और 2

द्रविड़ ने कहा, 'मैंने 2011-2012 में क्रिकेट छोड़ा था। ये खिलाड़ी इस विरासत को आगे बढ़ाने में सक्षम रहे हैं। अगर आप पिछले 12 वर्षों में खेल के तीनों प्रारूपों में मिली सफलता को देखें तो हमारे जाने के बाद का समय अभूतपूर्व रहा है। बहुत आसानी से और स्पष्ट रूप से हम बहुत सारी रैंकिंग में हमेशा पहले या दूसरे नंबर पर रहते हैं। जिस तरह का क्रिकेट हम खेलते हैं और खिलाड़ियों के कौशल को देखते हुए विदेशों में जाकर जीत दर्ज करना शानदार है।'

### भारत का भविष्य उज्जवल

द्रविड़ ने उम्मीद जताई कि टीम इंडिया आने वाले वर्षों में सफलता हासिल करती रहेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि रोहित और सूर्यकुमार जैसे खिलाड़ियों की अगुआई में और खेल के सभी प्रारूपों में आने वाले खिलाड़ियों की यह पीढ़ी भविष्य में भी ऐसा ही करती रहेगी।' द्रविड़ ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर अब निडर और आत्मविश्वासी हैं, उनके पास अपने कौशल को आगे बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा भी है।

## खबर संक्षेप



### ससेक्स ने चे पुजारा से करार खत्म किया

**लंदन।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ह्यूज अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स इस काउंटी टीम की तरफ से चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में खेलेंगे।

### मीराबाई चानू और नीलकांत सम्मानित

**इंफाल।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू और हॉकी खिलाड़ी नीलकांत शर्मा को बुधवार को यहां मणिपुर पुलिस ने सम्मानित किया।



यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने यहां एक समारोह में मीराबाई और नीलकांत को सम्मानित किया। नीलकांत पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। भारत ने तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक हासिल किया।

### पैरालंपिक में पदक जीतने पर सूरमा की नजर

**नई दिल्ली।** ऐसा अक्सर नहीं होता है कि जीवन बदल देने वाली दुर्घटना से अपाहिज हुआ कोई व्यक्ति उस त्रासदी को अपने लिए वरदान बना दे लेकिन जल्द ही पैरालिंपियन बनने वाले प्रणव सूरमा ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया। वह तब 16 साल के थे जब 2011 में उनके घर की छत उनके ऊपर गिर गई।



## टेस्ट : पाकिस्तान ने 6 विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित की पारी

# 42 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त, 5वें विकेट के लिए रिजवान-शकील ने जोड़े 224 रन

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन मोहम्मद रिजवान ने शानदार शतक जड़ा। दूसरे दिन के खेल में पाकिस्तान की टीम ने 6 विकेट खोकर 448 रन पर पारी घोषित की। मोहम्मद रिजवान 171 रन पारी खेलकर नाबाद रहे। शकील के साथ रिजवान ने पांचवें विकेट के लिए रिकार्ड 224 रन की साझेदारी की।

पहले दिन पाकिस्तान की टीम ने 4 विकेट खोकर 158 रन बनाए थे। इसके बाद दूसरे दिन मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील की जोड़ी ने बल्ले से धमाल मचाते हुए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रावलपिंडी में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने 74वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। इस दौरान रिजवान ने 890 दिनों से चले आ रहे शतक के सूखे को भी समाप्त किया। उन्हे सऊद शकील का साथ मिला, जिन्होंने भी अपना सैकड़ा पूरा किया, लेकिन 141 रनों की पारी खेलने के बाद वह आउट हो गए।





### मुदस्सर-जहीर का रिकार्ड तोड़ा

शकील ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 224 रनों की पार्टनरशिप की। दोनों बल्लेबाजों ने इस दौरान पाकिस्तान की मुदस्सर-जहीर अब्बास का 42 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। पाकिस्तान की इस जोड़ी ने 1982 में कराची में 213 रन की साझेदारी की थी। वहीं, पाकिस्तान के लिए साल 1976 में लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 5वें विकेट के लिए आसिफ इकबाल और जावेद मियांदाद ने 281 रनों की साझेदारी की थी, जो कि पांचवें विकेट की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी पार्टनरशिप है।

### कामरान अकमल को छोड़ा पीछे

मोहम्मद रिजवान ने इस दौरान दूसरे दिन के खेल में तेजी से बैटिंग करते हुए अपने 150 रन पूरे किए। वह साल 2009 के बाद टेस्ट क्रिकेट में 150 से ज्यादा रनों की पारी खेलने वाले पहले पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए। इस दौरान उन्होंने कामरान अकमल को पछड़ा, जिन्होंने साल 2009 फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 158 रनों की पारी खेली थी।

## संन्यास की घोषणा

# 24 साल की खिलाड़ी अर्चना ने अचानक छोड़ा टेबल टेनिस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम की 24 साल की खिलाड़ी अर्चना कामथ ने बड़ा फैसला लेकर हैरान कर दिया है। अर्चना कामथ ने टेबल टेनिस छोड़ने का फैसला लिया।

पेरिस ओलंपिक्स के बाद उन्होंने पेशेवर टेबल टेनिस छोड़ने का फैसला लिया और अब अमेरिका में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगी। याद दिला दें कि भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने 2024 पेरिस ओलंपिक्स में इतिहास रचा था। भारतीय महिला टीम पहली बार प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। अर्चना कामथ इस टीम का हिस्सा थी। याद हो कि भारत को जर्मनी के हाथों 1-3 की शिकस्त झेलनी पड़ी थी। तब अर्चना कामथ ही थी, जिन्होंने अपना मुकाबला जीता था। अर्चना कामथ ने 24 की उम्र में टेबल टेनिस छोड़ने का बोल्ड फैसला इसलिए लिया क्योंकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक्स में उन्हें मेडल जीतने की गारंटी नहीं है। कामथ ने ऐसे में पेशेवर टेबल टेनिस छोड़कर विदेश में पढ़ाई करने को तवज्जो देना सही समझा।

पेरिस ओलंपिक्स के बाद घर लौटी कामथ ने अपने कोच अंशुल गर्ग से अगले ओलंपिक्स में मेडल जीतने के बारे में बातचीत की। कोच भी अर्चना का सच्चा जवाब जानने के बाद दंग रह गए।

### फारुक अहमद बने बीसीबी के नए अध्यक्ष

**ढाका।** पूर्व क्रिकेटर और मुख्य चयनकर्ता फारुक अहमद को नजमुल हसन पापोन की जगह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीसीबी ने बुधवार को एक आपात बैठक की जिसमें 58 वर्षीय अहमद को अध्यक्ष चुना गया। नजमुल हसन ने देश में व्याप्त राजनीतिक अशांति के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और वह अभी अपनी पत्नी के साथ लंदन में हैं। उनका बीसीबी अध्यक्ष के रूप में यह चौथा कार्यकाल था। नजमुल हसन 2009 से शेख हसीना की अगुवाई वाली पार्टी अवामी लीग के सांसद थे।

## सिंकफील्ड कप

# गुकेश ने तीसरे दौर में प्रागी के खिलाफ ड्रॉ खेली बाजी

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में हमवतन आर प्रज्ञाननंदा के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों में होने के बावजूद बाजी ड्रॉ कराई।

एक समय लग रहा था कि यह बाजी आसानी से ड्रॉ हो जाएगी लेकिन तभी गुकेश गलती कर बैठे। प्रज्ञाननंदा हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए। यह दोनों अभी समान 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा ने 2022 के बाद क्लासिकल बाजी में गुकेश को नहीं हराया है। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने भी कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हमवतन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। फिरोजा दो अंक लेकर रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अभी शीर्ष पर बने हुए हैं।




### सतीश जापान ओपन के दूसरे दौर में हारे

**योकोहामा।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करूणाकरन ने गुरुवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में थाईलैंड के कंटाफोन वांगचारोएन के खिलाफ हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। सतीश (23 साल) 70 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी से पहले गेम की बढ़त गंवाकर 21-18 18-21 8-21 से हार गए। इस तरह टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी खत्म हो गई। सतीश बुधवार को शुरुआती मैच में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन के रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंचे थे।



# भारतीय पहलवान अदिति, नेहा, मानसी पुलकित बनीं अंडर-17 विश्व चैंपियन

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी, नेहा और पुलकित गुरुवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में अंडर-17 विश्व चैंपियन बनीं। अदिति 43 किग्रा में यूनान की मारिया लौइज़ा गिकिका को खिताबी मुकाबले में 7-0 से हराकर चैंपियन बनी।

मानसी लाठेर ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में 73 किग्रा वर्ग में हन्ना पिरस्काया को हराया। वहीं नेहा ने 57 किग्रा के फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया। नेहा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। पुलकित ने 65 किग्रा के फाइनल में तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने 'पुशआउट प्वाइंट' और सावधानी बरती जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया। फ्रोलोवा ने जीत हासिल करने के लिए काफी जत्न किया लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। भारत ने ग्रीको रोमन शैली में दो कांस्य पदक भी जीते जिसमें रौनक दहिया और साईनाथ परधी (51 किग्रा) पोडियम पर रहे।





### आईसीसी को नई महिला निदेशक की तलाश

**दुबई।** पेप्सिको प्रमुख इंदिरा नूई का छह साल का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को एक नई महिला स्वतंत्र निदेशक की तलाश है। मौजूद अध्यक्ष ग्रेग बार्कले के तीसरे कार्यकाल के लिए इनकार के बाद विश्व निकाय को एक नए अध्यक्ष की भी खोज करनी होगी। नूई 2018 में आईसीसी की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक बनीं थी। उन्होंने अपना अधिकतम कार्यकाल पूरा कर लिया है। समझा जाता है कि आईसीसी बोर्ड ने पहले ही नूई जैसे हाई-प्रोफाइल नाम की तलाश शुरू कर दी है जो कॉर्पोरेट जगत में सबसे चर्चित चेहरों में से एक थी।

## बीसीसीआई ने की भारतीय टीम के शेड्यूल की घोषणा

# इंग्लैंड दौरे पर 5 टेस्ट मैच खेलेगा भारत

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अपने अगले चक्र का आगाज इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ करेगी, जिसका शुरुआती मुकाबला 20 जून को तेज गेंदबाजों अनुकूल हेडिंग्ले में होगा। अगला डब्लूटीसी चक्र 2025 से 2027 तक चलेगा और यह वर्तमान चक्र के फाइनल के ठीक बाद शुरू होगा। मौजूदा डब्लूटीसी फाइनल भी इंग्लैंड में खेला जाएगा।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्डने रणनीतिक रूप से उन स्थानों पर मैच रखे हैं जहां इंग्लैंड के स्विंग गेंदबाजों को विशेष लाभ मिलेगा। दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक बर्मिंघम के एजबेस्टन में होगा। तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई के बीच लॉर्ड्स मैदान पर होगा, जबकि मैनचेस्टर का ओल्ड ट्रैफर्ड 23 से 27 जुलाई के बीच चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में अंतिम टेस्ट के साथ समाप्त होगा। श्रृंखला के पहले और दूसरे टेस्ट में एक सप्ताह जबकि तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच आठ दिनों का अंतराल है ताकि खिलाड़ियों को तरोताजा होने का पूरा मौका मिल सके।



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992 ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गंजपारा शाखा, दुर्ग 7024101157 | श्री अविनाश खुशवानी एवं श्रीमती गुणवंती बाई पताः मकान नं.- 14, वार्ड नं. - 25, गुरुद्वारा के पीछे, संतारा बाड़ी, दुर्ग, छ.ग.- 491001 | साम्यिक बंधक परिवर्तित भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं.- 1177/73, 1177/78, क्षेत्रफल- 2300 वर्गफीट, वार्ड नं.- 25, संतरा बाड़ी, प.ह.नं. - 16/24, जिला- दुर्ग हैं जो श्रीमती गुणवंती बाई के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - नाली, दक्षिण - नाला, पूर्व - 6' गुल्ली एवं पाल सिंह का मकान, पश्चिम - गुरुमेज सिंह का मकान. | 18.05.2024 रु. 1,45,926.71 + ब्याज + अन्य प्रभार 17.08.2024 सांकेतिक कब्जा |
| 02 | मोहन नगर शाखा दुर्ग 6232020422 | श्री उधव कुमार पता- मकान नं.-264, वार्ड नं.-19, शंकर नगर, दुर्ग - 491001 | संपत्ति का वह हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल साम्यिक बंधक परिवर्तित भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. - 609, प.ह.नं. - 17/7, काली मंदिर के पास, क्षेत्रफल - 1200 वर्गफीट, मौजा - उरला, वार्ड नं. - 56, एनपीएन दुर्ग, तहसील एवं जिला - दुर्ग, छ.ग. सीमाएं: उत्तर - अन्य की भूमि, दक्षिण- भोला सिंह की भूमि, पूर्व - 25 फीट रोड, पश्चिम- सतनामी का प्लाट. | 08.05.2024 रु. 2,31,479.96 + ब्याज + अन्य प्रभार 21.08.2024 सांकेतिक |
| 03 | कवर्धा शाखा 9752410792 | श्री नरेश बघेल पिता श्री लक्ष्मण बघेल पताः ग्राम- मंझोली, पोस्ट- पंडरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) | साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन विक्रय विलेख नं. - 302 के अनुसार बुक नं. - ए-1/3101 दिनांक 15.05.2018, सर्वे नं.- 714/2, प.ह.नं.-39. क्षेत्रफल - 0.024 हेक्टेयर स्थित - मंझोली, कवर्धा आर.आई.सर्कल - पंडरिया, तहसील- पंडरिया, जिला - कबीरधाम , छ.ग. हैं जो श्री नरेश बघेल पिता श्री लक्ष्मण बघेल के नाम पर हैं. डीड के अनुसार संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर- धरसा रोड छ.ग. शासन, दक्षिण-मोतीलाल की संपत्ति, पूर्व- बलराम की संपत्ति, पश्चिम- समेरुद्दीन की संपत्ति. | 18.05.2024 रु. 17,61,298.73 + ब्याज + अन्य प्रभार 17.08.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.

दिनांक 23.08.2024, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा




# कंप्यूटर जैसे दिमाग वाले कौए! उठा लेते हैं सिगरेट के टुकड़े, बदले में करते हैं खाने का सौदा

एजेंसी ⏭ पेरिस

कौए तो आपको रोजमर्रा में दिख ही जाते होंगे। कभी घर की छत पर बैठे तो कभी पेड़ की डाल में शोर करते। आपको लगता होगा कि वो बाकी पक्षियों की तरह मामूली ही होते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि कौओं का दिमाग कंप्यूटर की तरह तेज होता है? फ्रांस और स्वीडन जैसे देशों में लोगों ने कौओं के साथ कुछ ऐसा किया, कि उसे जानकर हर कोई दंग हो जाएगा। लोगों ने कौओं को ऐसी ट्रेनिंग दी, जिससे वो पर्यावरण की रक्षा करें और अपना पेट भी पाल लें। ये कौए सिगरेट के टुकड़े उठाने लगे और उसके बदले में खाने का सौदा करने लगे। एक रिपोर्ट के अनुसार 2018 में कौओं के साथ एक एक्सपेरिमेंट किया गया। फ्रांस के पश्चिम में मौजूद पुय डू फो थीम पार्क ने कौओं को पार्क में पड़े सिगरेट के बट्स को उठाना सिखा दिया था। इसके साथ ही यहां-वहां पड़ी अन्य छोटी चीजों को भी उठाना उन्हें सिखाया गया। इन टुकड़ों को उठाकर वो खाते नहीं थे, बल्कि उसे उठाकर एक मशीन तक लाते थे और उसमें डाल देते थे। उस मशीन से फिर उनके लिए खाना निकलता था जिसे वो खा लेते थे।

### पोस्ट हो रहा है वायरल

*इस पोस्ट को 55 हजार लाइक्स मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि क्या इंसानों को ये ट्रेनिंग दी जा सकती है कि वो अपनी गंदगी को खुद साफ करें! एक ने कहा कि जल्द ही ये कौए लोगों के मुंह से सिगरेट निकाल लेंगे। एक ने कहा कि इंसान खुद से क्यों नहीं अपनी गंदगी साफ कर लेते, पक्षियों की क्या जरूरत है?*






### पक्षियों को सिखा रहे सिगरेट उठाना

इस तरीके से पक्षियों के दिमाग पर भी शोध किया गया और उन्हें पर्यावरण की रखवाली के लिए भी तैयार किया गया। 2022 में भी ऐसा ही इनिशिएटिव स्वीडन में लिया गया था। वहां पर भी वो इधर-उधर पड़े सिगरेट के बट्स को उठाते हैं और उसके बदले में उन्हें खाना दिया जाता है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी फ्रांस के कौओं से जुड़ा एक पोस्ट शेयर किया गया है।

देखने वाले भड़के, बोले- 'मां ऐसी नहीं होती...

# बेटी के अंतिम संस्कार पर 'तैयार' हुई मां, घूम-घूमकर दिखाई ड्रेस




एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

आमतौर पर देखा जाता है कि मां के लिए बच्चे की ज़िंदगी अपनी खुद की लाइफ से कहीं ज्यादा प्यारी और कीमती होती है। वो अपने ऊपर कुछ भी बर्दाश्त कर सकती है लेकिन बच्चे को खरोंच भी आज जाए, तो ये बर्दाश्त से बाहर हो जाता है। सोचिए, जो मां इतना प्यार करती हो, वो अपने बच्चे की मौत पर मुस्कुरा सकती है? मां के लिए उसके बच्चे की जान से बढ़कर कुछ नहीं होता। हालांकि इस वक्त एक मां का ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग यकीन ही नहीं कर पा रहे हैं कि ये बच्चे की मां है। वो अपनी नन्हीं सी बेटी की मौत के बाद उसका मातम मनाने के लिए भी तैयार होकर वीडियो बना रही है। वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैरिसा नाम की एक महिला पोल्का डॉट ड्रेस में सजी-धजी तैयार है। वो अपनी ड्रेस को लहराकर लोगों को दिखा रही है। उसने मेकअप भी कर रखा है। इसके साथ ही उसने लिखा है – 'अपनी बच्ची के अंतिम संस्कार के लिए तैयारी हो रही हूं, जहां मैंने अपनी शादी की तैयारी की थी।' इस वीडियो को 1 करोड़ से ज्यादा लोगों ने देखा है। हालांकि, कमेंट सेक्शन ऑफ किया गया है लेकिन दूसरे प्लेटफॉर्म्स पर लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।



### लोगों ने जमकर सुनाई खरी-खोटी


सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद इस अमेरिकन महिला पर लोग बरस पड़े। रेडिट यूज़र्स ने इस तरह के सेंसिटिव पल पर मुस्कुराते हुए वीडियो साझा करने पर गुस्सा जताया। कुछ यूज़र्स ने कहा कि लाइक्स और कमेंट के लिए दिमाग और विवेक भी नहीं रहा। लोगों ने महिला पर बच्ची की मौत से भी फायदा उठाने का आरोप लगाया। आपको बता दें कि कैरिसा की बच्ची की मौत जन्म के दो ही दिन बाद हो गई थी।

# 'हमारे बच्चे पाल दो, मुंहमांगी रकम देंगे', गजब की है ये नौकरी

एजेंसी ⏭ बीजिंग

किसी भी विकासशील या विकसित देश में काम करने वाले युवाओं में महिलाओं की भागीदारी जब तक समान नहीं होती, तब तक अर्थव्यवस्था ऊपर नहीं जा सकती। हालांकि, ज्यादातर जगहों पर महिलाएं बच्चों के पालन-पोषण के लिए अपनी नौकरी छोड़ देती हैं। इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ ये है कि बच्चों को देखने वाला कोई नहीं मिल पाता और उनकी परवरिश पर असर पड़ता है। वर्किंग पैरेंट्स की इस बड़ी समस्या का हल प्रोफेशनल नैनी या डेकेयर होते हैं। जब वे दफ्तर में होते हैं, तो बच्चे को यहीं छोड़कर जाते हैं। हालांकि, दिक्कत ये है कि यहां बच्चे की देखभाल तो होती है, लेकिन माता-पिता वाला इमोशनल सपोर्ट नहीं मिलता। ऐसे में अब खुद माता-पिता प्रोफेशनल पैरेंट ढूंढ रहे हैं, जो बच्चों को हर वो काम करें, जो खुद माता-पिता को करना होता है।

- मां-बाप ढूंढ रहे हैं 'प्रोफेशनल पैरेंट'!



### • डेढ़ से तीन लाख रुपए तक वेतन

चीन में इस वक्त एक अलग ही चलन है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यहां पर अमीर माता-पिता अपने ही बच्चों को खुद नहीं पाल पा रहे हैं। वे चाहते हैं कि कोई ऐसा शख्स उनके बच्चे पाले, जो उन्हें बिल्कुल मां-बाप जैसा ही प्यार-दुलार दे। उन्हें ट्यूशन ले जाए, ज़रूरत पड़े तो डॉक्टर के पास ले जाए, उनके साथ खेले, एक्टिविटीज़ करे और उनकी भावनात्मक ज़रूरतों का भी ख्याल रखे। इस नौकरी को चाइल्ड कंपेनियन की नौकरी कहा जा रहा है, जिसके ज़रिये पढ़े-लिखे युवा आराम से डेढ़ से तीन लाख तक की रकम महीना कमा रहे हैं। बस ज़रूरत है तो अच्छी एजुकेशन और बच्चों की मानसिक स्थिति ध्यान में रखने की।

### नैनी नहीं, हमें मम्मी चाहिए!

*वैसे ये काम नैनी भी कर सकती है, लेकिन अमीर मां-बाप को अपने बच्चों की जिंदगी में खुद का ही रिप्लेसमेंट चाहिए। वे इसके लिए हावर्ड, केमब्रिज, सिंघुआ और पेकिंग यूनिवर्सिटी से पढ़े-लिखे चाइल्ड कंपेनियन चाहते हैं, जो बच्चों को तौर-तरीके भी सिखाएं और उन्हें अच्छी एजुकेशन भी दे सकें। ये सर्विस चीन में घंटों, दिनों और लिव इन भी मिल रही है, जिसके अलग-अलग रेट फिक्स हैं। अंदाजे के मुताबिक इस काम के लिए पैरेंट्स 1.5 लाख से लेकर 3.5-4 लाख तक प्रति महीना देने को तैयार हैं। प्रोफेशन मम्मियों की हायरिंग सोशल मीडिया से लेकर एजेंसी तक से हो रही है।*

# ये है वो फ्लाइंग फिश जिसके नाम पर बनी है मिसाइल

एजेंसी ⏭ लंदन

समंदर और नदियों में अक्सर आपने तैरने या गोता लगाती हुई मछलियों को देखा होगा। कई बार कुछ मछलियां पानी के ऊपर उछल कर निकलती है। लेकिन, पानी की सतह पर उड़ने वाली मछली भी है। यह कई सौ मीटर तक पानी के ऊपर बहुत तेज स्पीड में उड़ती है। ज्यादातर मछलियां 650 फीट तक उड़ती हैं। इसके अलावा फ्लाइंग फिश का सबसे ज्यादा दूर तक उड़ने का रिकॉर्ड 1300 फीट का है। यह मछली 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से पानी के ऊपर उड़ती है। इसका असली नाम होता है एक्सोसोटिडे है। यह मरीन रे-फिन्ड फिश के परिवार की मछली होती है। इस मछली की दुनियाभर में करीब 64 प्रजातियां मौजूद हैं। ये पक्षियों की तरह नहीं उड़ सकती, लेकिन ये पानी की सतह पर ग्लाइड करती हैं। ये एक छलांग लगाने के बाद अपनी फिन के सहारे लंबी दूरी तक तेजी से पानी की सतह के ऊपर हवा में तैरती है। यह ऐसा तब करती है जब उसे लगता है कि उसका शिकार हो सकता है।

क्या आपने देखी है उड़ने वाली मछली...



### टूना, स्वॉर्डफिश...मार्लिन जैसी मछलियां भी उड़ती हैं समंदर के ऊपर

*समंदर की सतह के ऊपर हवा में गोता लगाने वाली मछलियों की प्रजाति में स्वॉर्डफिश, मैकेरेल, टूना और मार्लिन होती हैं। लेकिन, इनका हवा में उड़ना भी इनके लिए भी खतरनाक है। क्योंकि, इनके ऊपर फिर शिकारी पक्षियों का हमला होता है। आपको अगर इस मछली को देखना हो तो दुनिया की बेस्ट जगह है बारबाडोस।*

### 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ऊपर उड़ सकती है 20 फीट

*मई 2008 में जापानी टेलीविजन क्रू ने फ्लाइंग फिश को जापान याकूशिमा आइलैंड के पास देखा था। तब उस मछली ने 45 सेकेंड तक पानी के ऊपर उड़ान भरी थी। इसने 42 सेकेंड का पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था. यह समंदर के ऊपर अधिकतम 20 फीट यानी 6 मीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकती है। अधिकतम 100 से 400 फीट तक उड़ती है। उड़ते समय इसकी गति अधिकतम 70 किलोमीटर प्रतिघंटा रहती है।*

# 6 दिन बिना सांस लिए और सालभर बिना खाए रह सकता है बिच्छू

*लंदन। दुनिया में आपने बहुत तरह के जीवों के बारे में पढ़ा और सुना होगा। हर जीव की अपनी खासियत होती है। कोई किसी चीज़ में अच्छा होता है तो कोई किसी चीज में बुरा। कई बार ऐसा भी होता है कि आप किसी खास जीव को उसकी विशेषता के बारे में जानते हैं। बिना सांस लिए तो हम जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। हालांकि, एक जीव ऐसा भी है, जो 6 दिन बिना सांस लिए ज़िंदा रह सकता है। इसको कुदरत ने बनाया ही कुछ ऐसा है कि वो अपना सांस लंबे वक्त तक रोक सकता है।*



### सालभर खाने की भी नहीं ज़रूरत

इतना ही नहीं, बिच्छू के बारे में दिलचस्प बात ये भी है कि ये पूरा एक साल बिना भोजन के गुजार सकते हैं। वे पानी भी बहुत कम पीते हैं, लेकिन इन्हें ज़िंदा रहने के लिए पानी की ज़रूरत होती है। ये किसी भी सतह पर आराम से चढ़ सकते हैं और जब ये किसी अल्ट्रावायलेट लाइट के नीचे पड़ते हैं, तो चमकने लगते हैं।

### फेफड़ों की बनावट होती है विशेष

हम जिस जीव के बारे में बात कर रहे हैं, वो बिच्छू है। बिच्छू के फेफड़ों की बनावट ही कुछ ऐसी होती है कि वो लंबे वक्त तक अपनी सांस रोक सकता है। इस तरह के फेफड़ों को बुक लंग्स कहा जाता है। इनका आकार किताब के मुड़े हुए पन्नों की तरह होता है, इसीलिए उन्हें ये नाम दिया गया है। उनके फेफड़ों में अच्छी मात्रा में हवा रुक सकती है और ये सांस लेने की क्रिया के दौरान भी होता रहता है। यही वजह है कि हवा की रिजर्व मात्रा रहने की वजह से वो 6 दिन तक बिना हवा को एक्सचेंज किए हुए भी ज़िंदा रह सकते हैं।

# 3000 साल पुराने मगरमच्छ ने क्या खाया था, सीटी स्कैन से हुआ खुलासा

**मिस्त्र।** मिस्त्र अपने पिरामिड्स और ममी के लिए जाना जाता है। लेकिन, इनके पीछे की कहानियों की बात ही अलग है। हर चीज के देवता। हर काम की अलग प्राचीन परंपरा। देवताओं के लिए जानवरों की बलि देने की व्यवस्था। वैज्ञानिकों को मगरमच्छ की तीन हजार साल पुरानी ममी मिली। इस मगरमच्छ की लंबाई 2.23 मीटर है। यह बर्मिंघम म्यूजियम और आर्ट गैलरी में रखी गई है। इसे रॉयल मैनचेस्टर चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में लाकर इसका रेडियोग्राफिक स्टडी किया गया। मेडिकल यंत्रों के जरिए आप प्राचीन चीजों के अंदर-बाहर दे सकते हैं। बिना उन्हें नुकसान पहुंचाए। इस मगरमच्छ के पेट में गैस्ट्रोलिथ्स मिले। गैस्ट्रोलिथ्स छोटे-छोटे पत्थर होते हैं, जो आहार नाल में मिले। कई बार मगरमच्छ छोटे पत्थरों को निगल लेते हैं, ताकि वो खाने को कायदे से पचा सकें। गैस्ट्रोलिथ्स के मिलने से ये बात तो पुष्ट हो गई कि मगरमच्छ की ममी बनाने वाले लोगों ने उसके शरीर के अंदरूनी अंगों को बाहर नहीं निकाला। पेट के अंदर धातु के मछली पकड़ने वाले कांटा और मछली मिली।



ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
- जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई सी यू
- अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
- मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं इलाज
- विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
- रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
- जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
- मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
- वेंटिलेटर्स, HFNO, BI-PAP, मॉनिटर्स, इको, USG, ABG, Dialysis मशीन, क्रैश कार्ट डिफाइब्रिलेटर की सुविधा

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड,रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.) मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.) मो. 8370008558
#Rajesh

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नॉर्मल डिलीवरी
- सिजेरियन
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज

24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com